

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 179 | ग्वालियर सोमवार 6 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## दिल्ली में दुनिया के सबसे बड़े कोविड केयर सेंटर का उद्घाटन

### डीआरडीओ ने भी 12 दिन में बनाया 1000 बेड का अस्पताल



#### शाह और राजनाथ का दौरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए नव-निर्मित 1,000 बिस्तर के अस्थायी अस्पताल का रविवार को दौरा किया। इस अस्पताल के आईसीयू में 250 बिस्तर हैं। यह अस्पताल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निकट रक्षा मंत्रालय की जमीन पर महज 11 दिन के भीतर बनाया गया है। शाह ने ट्वीट किया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के साथ 250 आईसीयू बिस्तर समेत 1,000 बिस्तर के अस्पताल का दौरा, जिसे डीआरडीओ और टाटा सन्स ने रिकॉर्ड वक्त में बनाया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि इस अस्पताल का संचालन सशस्त्र बलों के कर्मी करेंगे।%% रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, %%डीआरडीओ, गृह मंत्रालय, टाटा संस इंडस्ट्रीज ने कई संगठनों के सहयोग से 1000 बेड वाला यह अस्थायी अस्पताल कोविड-19 मरीजों के लिए महज 12 दिनों में तैयार किया है। डब्ल्यूएचओ गाइडलाइंस के अनुसार यहां 250 आईसीयू यूनिट भी उपलब्ध हैं।

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या एक लाख के करीब पहुंच गई है। इस बीच रविवार का दिन कोरोना के खिलाफ जंग में दिल्लीवासियों के लिए बेहद अहम रहा। यहां एक तरफ 10 हजार बेड वाले दुनिया के सबसे बड़े कोविड केयर सेंटर का उद्घाटन किया गया तो आज ही डीआरडीओ ने भी 1000 बेड वाले कोविड अस्पताल की शुरुआत कर दी है, जिसे महज 12 दिनों में तैयार किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने 10,000 बिस्तर वाले सरदार पटेल कोविड देखभाल केंद्र का रविवार को उद्घाटन किया जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा कोविड केयर सेंटर है। इसे छतरपुर में राधा स्वामी सत्संग व्यास में बनाया गया है। यह केंद्र मामूली या बिना लक्षण वाले कोरोना वायरस मरीजों के लिए है। यह बिना लक्षण वाले उन संक्रमित लोगों के लिए उपचार केंद्र है जिनके घर पर पृथक रहने की व्यवस्था नहीं है। यह केंद्र 1,700 फुट लंबा और 700 फुट चौड़ा है। इसका आकार फुटबॉल के करीब 20 मैदानों जितना है। इसमें 200 ऐसे परिसर हैं जिनमें प्रत्येक में 50 बिस्तर हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह दुनिया में इस तरह का सबसे बड़ा केंद्र है। इस केंद्र के संचालन के लिए नोडल एजेंसी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) होगी जबकि दिल्ली सरकार प्रशासनिक मदद दे रही है। राधा स्वामी सत्संग व्यास के स्वयंसेवक केंद्र के संचालन में सहायता देंगे।



## चीन बॉर्डर पर तनाव के बीच राष्ट्रपति कोविंद से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** चीन के साथ लगी सीमा पर तनाव के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। करीब आधे घंटे की इस मुलाकात में दोनों के बीच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। दूसरी तरफ, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी अहम ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, भारत इतिहास के बेहद नाजुक मोड़ से गुजर रहा है। हम एक साथ कई आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। लेकिन हमें जो चुनौतियां दी जा रही हैं, उसका सामना करने का हमारा निश्की। उनका हालचाल जाना, उनका उत्साह बढ़ाया। ऐसा कर पीएम मोदी ने चीन को साफ संदेश दिया। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को बता दिया गया है कि भारत सरकार पूरी तरह अपने सैनिकों के साथ खड़ी है। पीएम मोदी को पहले सेना ने ताजा हालात के बारे में ब्रीफ किया, जिसके बाद उन्होंने फ्रंटलाइन पर तैनात जवानों से खुद बात की। इस दौरान पीएम जहां बंकरनुमा एक चैंबर में बैठे थे, वहीं जवान उनके सामने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कुर्सियों पर थे।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका

### आठ की मौत और 20 से अधिक घायल




**गाजियाबाद।** जिले की मोदीनगर तहसील के पास स्थित बरखवां गांव में अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार की दोपहर एक के बाद एक कई धमाके हुए। इस घटना में अभी तक आठ लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। जबकि दर्जन भर से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मामले की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी के अलावा अन्य पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और पुलिस ने फैक्ट्री के अंदर से शवों को निकालने के साथ ही आग बुझाने की कवायद तेज कर दी है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री में रविवार को भी बम बनाने का काम चल रहा था। आशंका है कि उस वक्त फैक्ट्री के अंदर करीब 30 लोग काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक धमाका हुआ और आग लग गई देखते ही देखते फैक्ट्री में एक के बाद एक कई धमाके हुए और पूरी फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई। अंदर काम कर रहे मजदूरों ने भागने का प्रयास तो किया, लेकिन आग की लपटों में बुरी तरह से घिर जाने की वजह से कुछ ही लोग बाहर निकल पाए। इधर, धमाके की सूचना से बरखवां ही नहीं, आसपास के गांव यहां तक कि गाजियाबाद तक दहशत की स्थिति बन गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नीरज कुमार जादौन भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू करा दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। बताया जाता है कि यह फैक्ट्री अवैध रूप से आवासीय क्षेत्र में करीब पांच साल से संचालित हो रही थी।

## 1984 दंगा मामले में सजा काट रहे पूर्व विधायक की कोरोना से मौत

**नई दिल्ली।** 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के मामले में मंडोली जेल में बंद पूर्व विधायक महेंद्र यादव 70 की कोरोना से मौत हो गई है। तिहाड़ जेल में कोरोना से होने वाली ये दूसरी मौत है। इससे पहले कंवर सिंह नाम के अपराधी की मौत भी कोरोना के कारण ही हुई थी। तिहाड़ जेल के महानिदेशक संदीप गोयल के मुताबिक महेंद्र यादव तिहाड़ जेल की सब जेल मंडोली जेल में 10 साल की सजा काट रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी जेल में कंवर सिंह नाम के एक कैदी की 15 जून को मौत हो गई थी। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया था। जेल प्रशासन ने इसके फौरन बाद उसकी बैरक में बंद सभी 29 कैदियों का कोरोना टेस्ट कराया था, इनमें से 17 कैदियों में कोरोना पाया गया था, जबकि12 की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। गोयल ने बताया कि 5 दिन बाद नेगेटिव पाए जाने वाले सभी 12 कैदियों का दोबारा कोरोना टेस्ट कराया गया, जिसमें 3 कैदियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

## कोरोना वैक्सीन के मानव परीक्षण को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत में बन रही कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन और ZyCov-D के मानव परीक्षण को मंजूरी मिलना कोरोनावायरस वैश्वकि महामारी के अंत की शुरुआत है। मंत्रालय द्वारा लिखी चिट्ठी में बताया गया, वर्तमान में दुनिया में 100 से अधिक वैक्सीन पर काम चल रहा है, जिनमें से 11 को मानव परीक्षणों की इजाजत मिली है। मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया, सीडीएससीओ द्वारा वैक्सीन के लिए मानव परीक्षण की इजाजत इस जानलेवा वायरस के अंत की शुरुआत है।% मंत्रालय ने कहा कि %भारत की छह कंपनियां करोना की वैक्सीन के लिए काम कर रही हैं। दुनियाभर में 140 दावेदारों में से 11 जिनमें COVAXIN और ZyCov-D भी शामिल हैं, को ह्यूमन ट्रायल्स की मंजूरी मिली है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि दो प्रमुख दावेदारों- AZD1222 (ब्रिटिश फर्म एस्ट्राजेनेका) और MRNA-1273 (US-based Moderna) के निर्माताओं ने भी भारतीय कंपनियों के साथ उत्पादन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।




## अमरनाथ यात्रा के लिए यह शर्त, रोजाना 500 यात्रियों को होगी अनुमति



**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के मद्देनजर आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा को सीमित तरीके से आयोजित करने पर जोर देते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को कहा कि सड़क मार्ग से 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा जाने के लिए रोजाना सिर्फ 500 यात्रियों को अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही इस वर्ष अमरनाथ आरती का दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि अमरनाथ तीर्थयात्रियों पर भी केंद्र शासित क्षेत्र में प्रवेश के दौरान की जाने वाली जांच की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू होगी। मुख्य सचिव बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि इस साल यात्रा सीमित तरीके से की जाएगी जिससे यात्रा के दौरान कोविड-19 संबंधी मानक संचालन प्रक्रियाओं का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित हो सके।जम्मू से सड़क मार्ग से रोजाना अधिकतम 500 यात्रियों को ही जाने की अनुमति होगी।

### तृणमूल सांसद कल्याण के बिगड़े बोल

## सीतारमण को 'जहरीले सांप' की तरह बताया



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी अपनी एक टिप्पणी के कारण विवादों में आ गये हैं। कल्याण ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तुलना ''जहरीले सांप'' से की है। इस पर भाजपा ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते कहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का अपनी पार्टी के नेताओं पर से नियंत्रण हट गया है जिससे वे आपत्तिजनक बातें कर रहे हैं। कल्याण ने ईंधन की बढ़ती कीमतों और रेलवे के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ बांकुरा में एक रैली को संबोधित करते हुए सीतारमण के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा, ''जिस तरह एक जहरीले सांप के काटने से इंसान मर जाता है, उसी तरह सीतारमण की वजह से देश के लोग एक के बाद एक मर रहे हैं क्योंकि उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया है। तृणमूल सांसद ने कल्याण ने सीतारमण को दुनिया की ''सबसे खराब वित्त मंत्री'' बताया। भाजपा ने उनकी टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राज्य के भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री का अपनी ही पार्टी के नेताओं पर कोई नियंत्रण नहीं रहा है। उन्होंने कहा, ''तृणमूल में भ्रष्टाचार शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक फैल गया है। वे लोग अंदरूनी झगड़े में ही फंसे हुए हैं और उनमें से कई सत्तारूढ़ दल में बने हालात से ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार की बेतुकी बातें कर रहे हैं।'' घोष ने कहा, ''ऐसी टिप्पणियों को हम अधिक महत्व नहीं देते हैं। वे हताशा में आकर ऐसी बेतुकी बातें कर रहे हैं।''

## पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी



प्रयागराज। रविवार को आस्था के मानक पर्व पर लोगों ने संगम घाट पर आस्था की डुबकी लगाई और परिवार वालों के लिए प्रार्थना मांगी , हालांकि कोरोना प्रकोप की वजह से घाटों पर भीड़ नहीं दिखाई दी सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतेजाम देखने को मिले। वहीं आपको बता दें कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन गुरु पूजा की जाती है, बता दे कि आज से चार महीने साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम के हिसाब से भी सर्वश्रेष्ठ हैं, इस मौसम में ना तो ज्यादा गर्मी पड़ती है और न ही अधिक सर्दी इसलिए अध्ययन के लिहाज से ये सबसे अच्छे महीने हैं, इस दौरान ध्यान भी लगता है और इंसान शारीरिक और मानसिक तौर पर खुद को मजबूत भी महसूस करता है। चारों ओर बारिश होती है, जिससे धरती की तपन कम होती है और बारिश की शीतलता की शक्ति से फसल पैदा करती है, ठीक उसी तरह से गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान और योग की शक्ति मिलती है।

## नेपाल- खतरे में पीएम केपी ओली की कुर्सी, दो धड़ों में बंट सकती है पार्टी

**काठमांडू।** अपने इस्तीफे के लिये लगातार बढ़ती मांग के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा कि सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी गहरे संकट का सामना कर रही है और संकेत दिये कि पार्टी में जल्द विभाजन हो सकता है। मीडिया में आई एक खबर में रविवार 5 जुलाई को यह जानकारी दी गई। माई रिपब्लिका अखबार ने एक वरिष्ठ नेता के हवाले से कहा कि ओली ने अपने आधिकारिक आवास पर बुलाई गई मंत्रिमंडल की एक आपात बैठक में कैबिनेट मंत्रियों को बताया कि हमारी पार्टी के कुछ सदस्य राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी को भी पद से हटाने की कोशिश कर रहे हैं।



### केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि

## एफपीओ से न सिर्फ कृषि की प्रगति में सहायता मिलेगी, बल्कि विकास के नए द्वार खुलेंगे

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 10 हजार नए कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना से किसान समूहों के साथ एक नया आयाम जुड़ने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के 60 प्रतिशत किसान छोटे और सीमांत हैं, जो इन एफपीओ के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। इससे न सिर्फ कृषि की प्रगति में सहायता मिलेगी, बल्कि देश में विकास के नए द्वार भी खुलेंगे। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लघु उद्योग भारती और सहकार भारती की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे, जिसमें कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला और कैलाश चौधरी तथा केन्द्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री अर्जुन मेघवाल भी उपस्थित रहे। तोमर ने कहा कि शुरुआत में एफपीओ में सदस्यों की न्यूनतम संख्या तराई क्षेत्र में 300 और उत्तर-पूर्व व पहाड़ी क्षेत्रों में 100 रहेगी। छोटे, सीमांत व भूमिहीन किसानों के लिए गठित होने वाले एफपीओ के माध्यम से विभिन्न चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा, साथ ही वे ज्यादा सशक्त होंगे।



एफपीओ गतिविधियों का इस तरह प्रबंधन किया जाएगा, जिससे सदस्यों को तकनीक जानकारियां, वित्त व उपज के लिए अच्छा बाजार व बेहतर कीमत मिल सके। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के सपने को साकार किया जा सकेगा। एफपीओ से उत्पादन लागत और विपणन लागत कम करने में मदद मिलेगी, साथ ही यह योजना कृषि व बागवानी क्षेत्र में उत्पादकता में सुधार लाने में भी सहायक होगी। देश में प्रसंस्करण क्षेत्र में भी सुधार होगा। यह किसानों की आय में काफी सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार होगा व रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। तोमर ने कहा कि बजट 2020-21 में मूल्य संवर्धन, विपणन व निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ऋएक जिला-एक उत्पाद की रणनीति के माध्यम से बागवानी उत्पादों हेतु क्लस्टर आधारित रणनीति को अपनाने का भी प्रस्ताव है। यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका कुल बजट 6,865 करोड़ रुपये है। हरेक एफपीओ को 5 साल तक व्यावसायिक समर्थन व सहयोग प्रदान किया जाएगा। एफपीओ को कंपनी अधिनियम या किसी राज्य सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जाएगा, जैसा एफपीओ के सदस्यों द्वारा तय किया जाए। 15 प्रतिशत एफपीओ आकांक्षी जिलों में बनने हैं और एफपीओ का गठन प्राथमिकता के आधार पर अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में किया जाना है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश

# अशोक सिंह कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बने थे प्रशासक

## सदस्यता समाप्त, 6 साल के लिए निष्कासित, अब होगी कानूनी कार्यवाही, मुख्यमंत्री के आदेश पर हुई जांच में हुआ खुलासा, पूर्व विधायक रसाल सिंह ने की थी शिकायत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अपेक्स बैंक के तत्कालीन प्रशासक अशोक सिंह की प्रशासक पद पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति किए जाने के मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आदेश पर की जांच में इस बात का खुलासा हो गया है कि अशोक सिंह ने फर्जीवाड़ा कर प्रशासक पद पर नियुक्ति हासिल की थी। उपायुक्त सहकारिता जिला ग्वालियर ने अपना प्रतिवेदन सरकार को भेज दिया है। साथ ही जिस सहकारी समिति की सदस्यता लेकर अशोक सिंह ने प्रशासक का पद हथिया था उस डीव्हीएम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित ईटमा तहसील चीनौर जिला ग्वालियर के संचालक मंडल की बैठक में अशोक सिंह की सदस्यता रद्द करते हुए 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। अब जबकि यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि अपेक्स बैंक के प्रशासक पद पर अशोक सिंह की नियुक्ति फर्जी दस्तावेजों के आधार पर की गई थी, इस मामले में टीटी नगर थाने में मामला दर्ज किए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। लेकिन एक



पेंच जो इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण है कि पूर्व विधायक रसाल सिंह की शिकायत पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कराई गई कार्यवाही में अशोक सिंह पर तो शिकंजा कस गया, परन्तु जिन अधिकारियों की सांठगांठ इस पूरे मामले को अंजाम दिया गया उन पर क्या कार्यवाही की जाएगी।

**क्या है मामला?त्न** मध्य प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र की सबसे बड़ी संस्था अपेक्स बैंक के प्रशासक के रुप में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तथा ग्वालियर की राजनीति के बड़े खिलाड़ी अशोक सिंह की नियुक्ति का मामला सरकार के आधा दर्जन नौकरशाहों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। दरअसल भाजपा के पूर्व विधायक रसाल सिंह ने पूरे मामले से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अवगत कराया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के लिए आश्वस्त भी किया था। भाजपा नेता रसाल सिंह ने मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद इस मामले को कानूनी शक्ल देने की मुहिम शुरु की। रसाल सिंह ने टीटी नगर थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की । जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व सहकारिता मंत्री डॉ. गोविंद सिंह , अशोक सिंह एवं सहकारिता विभाग के तत्कालीन प्रमुख सचिव अजीत केसरी सहित कई आला अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया ।

**कैसे हुआ था फर्जीवाड़ा?:** डॉ. गोविंद सिंह एवं अशोक सिंह , दोनों ग्वालियर-चंबल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हैं। आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए भी वहां सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव होना है। बैठे -ठाले भाजपा को विपक्ष को घेरने का बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस मामले में निशाने पर डॉ. गोविंद सिंह ही दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि की लहार की ठाकुर मथुरा सिंह कृषि उत्पादन प्रसंस्करण सहकारी संस्था का कूटरचित दस्तावेजों से अशोक सिंह को सदस्य बनाया गया, वो डॉ. गोविंद सिंह के पिता ( मथुरा सिंह ) के नाम पर ही है। दूसरे, इस संस्था में भी अब तक निर्वाचन नहीं हुआ है। इसके अलावा जिस पेक्स समिति (भरथरी भितरवार) में 6 जून 2019 को अशोक सिंह को सदस्य बनना दर्शाया गया, उसकी पुष्टि उपपंजीयक सहकारिता ग्वालियर द्वारा नहीं कराई गई। यानि विभाग के किसी छोटे कर्मचारी से कूटरचित दस्तावेज तैयार करा लिए गए। एक और कागज सामने आया है, जिसमें बीज उत्पादक समिति इटमा, तहसील डबरा का सदस्य होना बताया है। वो भी पूरी तरह से गलत है। अशोक सिंह न तो उस क्षेत्र के निवासी हैं और न ही समिति के कार्यक्षेत्र में उनकी जमीन है। इसलिए उनकी सदस्यता मापदंडों पर कतई खरी नहीं उतरती है।

### जांच में क्या हुआ खुलासा

आयुक्त सहकारिता भोपाल की ओर से उपायुक्त सहकारिता ग्वालियर से इस पूरे मामले की जांच की जिम्मेदारी दूरभाष और लिखित आदेश जारी कर सौंपी। जिसमें जांच कर प्रतिवेदन देने को कहा गया। उपायुक्त द्वारा कराई गई जांच में पाया गया कि डीव्हीएम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित ईटमा तहसील चीनौर जिला ग्वालियर के सदस्य अशोक सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लदवाया तहसील चीनौर जिला ग्वालियर हाल निवासी 19 गांधी रोड ग्वालियर को डीव्हीएम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित ईटमा तहसील चीनौर जिला ग्वालियर के संचालक मंडल की बैठक में 20 जून 2020 को प्रस्ताव पारित कर उनकी सदस्यता संस्था की उपविधि क्रमांक (8 )(क) (1) के विरुद्ध पाएई गई है। जिसमें कहा गया है कि अशोक सिंह मूलतः ग्वालियर शहर के 19 गांधी रोड ग्वालियर निवासी हैं जो कि संस्था के कार्य क्षेत्र ईटमा तहसील चीनौर जिला ग्वालियर के अन्तर्गत नही आता है। सिंह द्वारा संस्था की उपविधि क्रमांक (8 )(क) (1) एवं मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा -19 (सी) (1)(घ) के प्रावधान का उल्लघंन किए जाने से उनकी प्राथमिक सदस्यता ठहराव क्रमांक -1 द्वारा समाप्त की जाकर 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया है। सहकारी अधिनियम में यह प्रावधान है कि किसी सहकारी संस्था की सदस्यता लेने के लिए तीन बिन्दु आवश्यक है। पहला सदस्यता लेने वाले हितग्राही की संस्था के कार्य क्षेत्र में जमीन हो। दूसरा संस्था कार्य क्षेत्र का मूल निवासी हो। तीसरा बीज उत्पादन के बाद फसल सोसायटी को विक्रय करे। लेकिन अशोक सिंह ने इन तीनों नियमों में से एक नियम का भी पालन नही किया।

### अब कसेगा शिकंजा?

रसाल सिंह ने अपनी शिकायत में अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह पूर्व सहकारिता मंत्री एवं विधायक डॉ. गोविंद सिंह , तत्कालीन प्रमुख सचिव (सहकारिता) अजीत केसरी, आयुक्त एमके अग्रवाल, अपेक्स बैंक के प्रभारी प्रबंध संचालक प्रदीप नीखरा, मप्र राज्य बीज संघ के तत्कालीन प्रबंध संचालक आरके शर्मा एवं अन्य को आरोपी बनाना है।

### इनका कहना है

अब जब यह मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोप प्रमाणित हो चुके हैं और यह बात भी साबित हो गई है कि अशोक सिंह को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपेक्स बैंक का प्रशासक तत्कालीन सरकार के मंत्री और अधिकारियों ने सांठगांठ कर बनवाया था। तब पुलिस को सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाना चाहिए। चूंकि मामला अपेक्स बैंक के प्रशासक की नियुक्ति का है, तो इस पूरे प्रकरण में जो-जो मंत्री और अधिकारी शामिल हैं, उनके खिलाफ तुरन्त प्रकरण दर्ज और निलंबन की कार्यवाही होनी चाहिए।

# युवाओ के आदर्श आईपीएस डा. असित यादव...

## मुरैना सोलह माह के कार्यकाल में गलत के गर्त में से सैकडो युवको उभारा...

केशव पडित अम्बाह?

**मुरैना।** निबर्तमान रहै एसपी डा. असित यादव ने सैकडो की संख्या में गल्त की गर्त में जाने से अपनी बुध्दि बिवेक की समझाइस से कई युबको गल्त रास्ता जाने से रोका और आज क्राइम को छोडकर सही रास्ते पर चलने को मजबूर होकर अपने परिवार में अच्छे सदस्य की भागीदारी कर सही रास्ते पर चल रहै है उनके माता पिता को इस पहल पर काफी खुश है

यह बात अम्बाह में *युवाओ के आदर्श असित* कार्यक्रम के दौरान कही

आईपीएस डा असित यादव ने कहा कि पुरानी पीढिया अक्सर युबाऔ को आवेगपूर्ण और गुस्सैल स्बभाव के कारण गम्भीरता से नही लेती है बे यह नही समझ पाते है कि उनका यह स्वभाव मुख्य रूप से इस चीज का परिणाम है कि उनकी कैसे परिबरिश की गई है इस प्रकार प्रत्येक पीढी का अपनी अगली पीढी को शिक्षित करने का कर्तव्य है ताकि बे उन्है और राष्ट्र को गर्ब



करने का मौका दे! अगर देश में युबाओ की मानसिकता सही है ओर उनके नवोदित प्रतिभाओ को प्रेरित किया गया तो बे निश्चित रूप से समाज के लिय अच्छा कार्य करेगे उचित ज्ञान और सही ध्दष्टिकोण के साथ वे प्रोधोगिकी बिज्ञान चिकित्सा खेल और अन्य सहित बिभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्णता प्राप्त कर सकते है यह न केबल उन्है ब्यक्तिगति रूप से और पेशेवर रूप में बिकसित करैगा बल्कि पूरे राष्ट्र के बिकाश और प्रगति के लिये भी योगदान दैगा दूसरी और यदि देश के युबा शिक्षित नही है या बैरोजगार है तो यह अपराध को जन्म दैगा! अपने बच्चो को नैतिक मूल्यो या और काम सिखाने के लिये उनकी 10 या 10 साल से अधिक की उम्र के लिये इन्तजार न करे! इसकी शुरूआत तब करे जब बे बच्चे हो उन्है सिखाये कि कैसे सार्बजनिक रूप से ब्हबहार करे अलग अलग कार्य और अन्य चीजो को एक शुरूआती उम्र से कैसे संभाले बैशक उन्है कुछ भी पढाते बक्त या उनके द्वारा किये किसी कार्य को जाचने के दौरान उनकी आयु का ध्यान में रखे उन्हौने कहा अपने बच्चो के अच्छे काम की सराहना करे!

यह उन्है बार बार अच्छे ब्हबहार को करने के लिये प्रोत्साहित करने मदद करैगा और यही अंततः उनके व्हबहार

में शामिल होजायगा हरबार उन्है इनाम दैने की कौशिस करे!



# नीरज पाराशर को कोरोना योद्धा सम्मान पत्र से किया सम्मानित

रिपोटर खेरागढ जितेंद्र सिंह परमार

जनसंदेश अखबार सत्य के आधार पर खबरों को प्रकाशित करने वाले समाजसेवी जी को आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना (विधानसभा अध्यक्ष) प्रताप सिंह परमार द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान पत्र दिया गया महामारी के दौरान पं. नीरज पाराशर जी का बहुत बड़ा योगदान रहा जिसमें अपनी निजी गम से धन से गरीबों का मुफ्त उपचार किया अथवा सैनिटाइजर वितरण एवं मास्क वितरण अथवा गरीबों के लिए राशन वितरण किया गया ।। समस्त टीम श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना- रिषी परमार, कुंवर हेमन्त सिंह, दीपू(होटल वाले) ,कुँ नीतेश परमार , मुनेंद्र परमार (जिला सचिव) , अबदेश, अभिषेक, आदि लोग शामिल थे।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने किया भारतीय सोशल मीडिया सुपर एप एलाइनमेंट्स लांच

# अब बनेगा भारत सोशल मीडिया के मामले में आत्मनिर्भर :रचना मेहता

अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

चीन के एप्स पर बैन लगाने के बाद भारत को एप्स और सोशल मीडिया के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की योजना का आरंभ रविवार को हो गया जब आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर द्वारा एक भारतीय सोशल मीडिया सुपर एप एलाइनमेंट्स को देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने इसे लांच किया। यह बात बिलासपुर में आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षका और जिला प्रभारी रचना मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के सभी सदस्यों ने इस लांचिंग पर प्रसनता जाहिर की है। बिलासपुर में सभी ने फोन के माध्यम से एक दुसरे को बधाई दी। मेहता ने बताया कि लॉन्च के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर भी मौजूद रहे। गौर रहे कि भारत में सोशल मीडिया का इस्तेमाल बड़ी संख्या में किया जाता है देश में करीब 50 करोड से ज्यादा सोशल मीडिया यूजर्स हैं इनमें से अधिकतर प्लेटफार्म में भारत के बाहर की कंपनियों का बोलबाला है विदेशी कंपनियों के प्लेटफार्म पर डाटा प्राइवेसी को लेकर बहस छिड़ गई है । उन्होंने बताया कि भारत और चीन के बीच हुई झड़प के चलते पिछले दिनों भारत में 59 चीनी एप्स को बैन कर दिया गया था ।






बिलासपुर आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया प्रभारी अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि इस अकेले ऐप में वह सारी खूबियां होंगी जिनके लिए लोग अभी अलग-अलग एप्स का इस्तेमाल करते हैं इसमें सोशल कनेक्टिविटी के साथ चैटिंग ऑडियो वीडियो कॉलिंग ग्रुप कॉलिंग ईपेमेंट ई-कॉमर्स जैसे फीचर भी होंगे यह 8 भाषाओं में उपलब्ध होगा प्राइवेसी एक्सपर्ट की मदद से यूजर्स के डेटा की सिक्योरिटी का भी पूरा ध्यान रखा गया है आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से यह दावा भी किया गया है कि कई महीनों तक लगातार इस ऐप का टेस्ट किया गया है और इस ऐप में यूजर डाटा देश में ही रहेगा और कोई तीसरी पार्टी से चुरा नहीं सकती इस समय गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और अब तक करीब एक लाख से अधिक डाउनलोड भी कर चुके।

# गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मिश्रा ने किया कोरोना वीरों का सम्मान




**दतिया।** गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज दतिया के कस्तूरी गार्डन में कोरोना वीरो का सम्मान किया। डॉ. मिश्रा ने एन.सी.सी. कैडेट्स, एन.एस.एस. कैडेट्स एवं लॉकडाउन के समय ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की दिन-रात सेवा कर उन्हें खाना, चाय, पानी उपलब्ध कराने वाले समाजसेवियों, शहर में आवारा घूमने वाले जानवरों को चारा, भोजन उपलब्ध कराने वाले समाजसेवियों का शॉल एवं माला से सम्मान किया। उक्त अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि लॉकडाउन में अपनी जान की परवाह किए बिना ड्यूटी में तैनात रहे लोगों की सेवा करना बहुत सराहनीय कार्य रहा है और लॉकडाउन पूरी तरीके से सफल रहा। जिसकी वजह से हमारे यहां कोरोना की स्थिति बहुत कम है।इस मौके पर कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर, सुरेंद्र बुधौलिया, प्रदीप अग्रवाल, आशाराम अहिरवार, विपिन गोस्वामी, प्रशांत ढेगुला, दिलीप बाल्मीकि, राकेश पटवारी, जीतेश खरे, जगमोहन गेड़ा, अतुल भूरे चैधरी, राजू त्यागी, विजय झंडा गुरु, राजू गुगोरिया, सतीश यादव, जीतू कमरिया, कालीचरण कुशवाह, मुकेश यादव, मनमोहन तिवारी, गौरव पटेल, बृजमोहन यादव, परसराम शर्मा, आकाश भार्गव, सत्यम पंडा, कुमकुम रावत, नेहा रजक, मनोज द्विवेदी सहित मौजूद रहे।

# श्वास, ही मन और नकारात्मक भावनाओं को संभालने का साधन : तृप्ता शर्मा

अभिषेक मिश्रा हिमाचल प्रदेश

अक्सर हम अपने जीवन पर तनाव से होने वाले प्रभाव से अपरिचित रहते हैं। प्राय हमारा मन भूतकाल को लेकर क्रोध या पश्चाताप की जकड़ में रहता है अथवा भविष्य को लेकर चिंतित रहता है। मन के इस व्यवहार के कारण हमारे और हमारे आस पास के लोगों पर दुष्प्रभाव तो पड़ता ही है, साथ ही हमारी कार्यकुशलता भी प्रभावित होती है। हमारे शरीर और मन के बीच की कड़ी है श्वास, इसलिए यह मन और नकारात्मक भावनाओं को संभालने का साधन भी है और व्यवसाय, घर या खाली समय में अपनी सही क्षमता को अनुभव करने का माध्यम भी है। यह बात आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका और स्टेट



वर्चुअल जूम मीटिंग के माध्यम से करवाया गया कोर्स

मीडिया प्रभारी तृप्ता शर्मा ने हिमाचल के मीडिया कर्मियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किये गए तीन दिवसीय शिविर को वर्चुअल मीटिंग में जूम एप पर सम्बोधित करते हुए कही। इस विशेष शिविर में हिमाचल भर से विभिन्न समाचार माध्यमों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिलासपुर में एसएम न्यूज से भाग ले रहे विक्रांत शर्मा का कहना था कि उन्होंने इस तरह के शिविर में पहली बार भाग लिया लेकिन जिस तरह ने शिविर में नॉलेज पॉइंट दिए गए और सुदर्शन क्रिया सिखाई गई वह अद्भुत थी उन्होंने कहा कि इन दिनों में उन्होंने जो भी सीखा है उसे वह अपने जीवन में उतारने का पूरा प्रयास करेंगे। हर रोज 8ः00 बजे शिविर का आरंभ हो जाता था और सबसे पहले आल्टो विवेक विक्षिप्त गौरव द्वारा विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं करवाई जाती थीं। उसके उपरांत पंकज शर्मा ने सुदर्शन क्रिया का महत्व बताया और सुदर्शन क्रिया से पहले थ्री स्टेज प्राणायाम व भस्त्रिका तथा उसके उपरांत साँसों की लय पर सुदर्शन क्रिया सिखलाई । अन्य नॉलेज पॉइंट्स के अलावा सभी को वर्तमान में रहने की बात बड़ी महत्वपूर्ण थी। इस सूत्र को सभी को अपनाने को कहा को कहा गया। प्रतिभागी पत्रकार अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग ने मीडिया के लिए स्पेशल तीन दिन का कोर्स करवाया। इन तीन दिनों में दो घण्टों के दौरान हर पल नया महसूस हुआ। सुदर्शन क्रिया तो लाजवाब थी। तीसरे दिन करवाई गई मैडिटेशन तो कमाल की थी। उन्होंने कहा कि मीडिया में यह कोर्स टीमवर्क स्थापित करने में अत्याधिक मददगार साबित होगा। इससे सकारात्मकता का वातावरण बनेगा । यह खुश रहने के लिए कई टिप्स दे गया है। उन्होंने कहा कि अगर हम इस कार्यक्रम में सिखाई गई चीज़ों का पालन करेंगे तो यह हमें स्वस्थ और ऊर्जावान रहने में मदद करेगा जिससे कार्यस्थल पर स्वतः ही हमारे कार्यप्रदर्शन में सुधार होगा।

# किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया ने भोपाल पहुंचकर डॉक्टर भदोरिया को दी बधाई

-06,07,08,09

**भिंड।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भिंड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अरविंद सिंह भदोरिया को कैबिनेट रामेश्वर शर्मा को प्रमोटी विधानसभा स्पीकर मेहगांव 6 से पूर्व विधायक ओ पी एस भदौरिया एवं ग्वालियर ग्रामीण से विधायक भारत सिंह कुशवाहा को राज्यमंत्री बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी पीपरी मंडल के 1 सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश राजधानी भोपाल भोपाल निवास पर पहुंचकर गुलदस्ता पुष्पमाल से स्वागत किया और उनका वह मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया जिसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया 7वहीं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया ने डॉक्टर भदौरिया के निवास स्थान अरविंद विहार पहुंचकर उनको पुष्प और मालाओं से स्वागत किया और उन्हे मिठाई खिलाई एवं भदोरिया ने सभी कार्यकर्ताओं





का धन्यवाद ज्ञापन किया 7

गोहद मेहगांव के उपचुनाव में शिवराज सरकार की मजबूती के लिए भाजपा को जिताएं = अरविंद भदौरियाक्काह्ङ्गह हह्र.-10 मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अटेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने उनके निवास स्थान पर भिंड जिले के पहुंचे सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि वे प्रदेश में शिवराज सरकार की मजबूती के लिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार की मजबूती के लिए भारतीय जनता पार्टी को जीता कर पार्टी प्रत्याशियों को भोपाल पहुंचाएं ताकि मैं शिवराज जी के साथ आपके क्षेत्र का विकास कर सके 7 यह चुनाव हम सबके लिए एक महत्वपूर्ण है क्योंकि कमलनाथ की सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ झूठ बोलकर सरकार बनाई थी 7 सारी कमियों को उजागर होकर हर मतदान केंद्र पर जनता के बीच पहुंचाएं सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ जिताने की जिम्मेदारी लेकर क्षेत्र में प्राण प्रण से जुड़ जाएं 7स्वागत करने वालों में किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री देवेंद्र सिंह नरवरिया ग्राम पंचायत नायब सरपंच शुगर सिंह नरवरिया लावन सरपंच लालजी सिंह नरवरिया पिपरी मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवा नेता सनोज सिंह नरवरिया मोनू सिंह नरवरिया अटेर मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशन बिहारी पांडे अटेर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर सुरपुरा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदोरिया आदि कार्यकर्ता प्रमुख शामिल थे 7

# पिछले वर्ष का शेष 6.45 लाख मीट्रिक टन उपार्जित गेहूं शीघ्र केन्द्रीय पूल में लिया जाकर किसानों को इसका भुगतान शीघ्र किया जायेगा

## मुख्यमंत्री की केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री से मुलाकात



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री राम विलास पासवान के निवास पर मुलाकात कर गेहूं उपार्जन, बोनस और प्रवासी मजदूरों के राशन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। श्री चौहान ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश में 73.70 लाख मीट्रिक टन किसानों द्वारा गेहूं उपार्जित किया गया था जिसमें से केन्द्र सरकार ने 67.25 लाख मीट्रिक टन को ही केन्द्रीय पूल में मान्य किया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आग्रह किया कि शेष 6.45 लाख मीट्रिक टन गेहूं को भी केन्द्रीय पूल में शीघ्र शामिल किया जाय, जिससे किसानों को इसका भुगतान किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में प्रवासी मजदूरों को दिये जाने वाले राशन के संबंध में बताया कि प्रदेश में लगभग 13 लाख प्रवासी मजदूर लौटे हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख 90 हजार मजदूरों के पास राशनकार्ड फिलहाल उपलब्ध नहीं होने से उन्हें राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। केन्द्रीय खाद्य मंत्री श्री राम विलास पासवान ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को आश्वासन दिया कि पिछले वर्ष का शेष उपार्जित गेहूं 6.45 लाख मीट्रिक टन को शीघ्र ही केन्द्रीय पूल में शामिल किया जायेगा। जिससे किसानों को इसका भुगतान शीघ्र किया जा सके। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सभी प्रवासी मजदूरों को माह नवम्बर 2020 तक राशन उपलब्ध करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन राशन कार्ड सिद्धांत के तहत सभी प्रवासी मजदूरों को जो जहां भी है उसको वहां राशन मिलेगा। श्री चौहान ने केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और साथ ही उनको जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

# मध्यप्रदेश के चम्बल संभाग में शीघ्र ही सैनिक स्कूल खोला जायेगा

## मुख्यमंत्री की केन्द्रीय रक्षा मंत्री से मुलाकात



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। मार्च 2020 में मुख्यमंत्री बनने के उपरांत केन्द्रीय रक्षा मंत्री से श्री चौहान की यह पहली सौजन्य भेंट है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चम्बल संभाग के भिण्ड-मुरैना जिले में सैनिक स्कूल खोलने की मांग केन्द्रीय रक्षा मंत्री से की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि यह मांग काफी अरसे से लम्बित है। सन 2017 में रक्षा मंत्रालय के संस्थान डी.आर.डी.ओ. के लिए 334 हेक्टेयर जमीन राज्य सरकार द्वारा दी गयी थी। तब तत्कालीन रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इसके एवज में चम्बल संभाग में सैनिक स्कूल खोले जाने की बात कही थी। श्री चौहान ने बताया कि सैनिक स्कूल के लिए राज्य सरकार ने जमीन भी चिन्हित कर ली है। श्री चौहान ने बताया कि भिण्ड-मुरैना जिले के लगभग हर घर से एक नौजवान सेना में भर्ती होता है और देश की सीमाओं की रक्षा करता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस क्षेत्र में सैनिक स्कूल खुलने से यहाँ के युवा न केवल जवान बनकर निकलेंगे बल्कि सेना में बड़े अधिकारी भी बनेंगे और देश की सीमाओं की रक्षा में अपना योगदान देंगे।

# नर्मदा जल का पूरा उपयोग किया जायेगा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश को आंवटित 18.25 एमएएफ नर्मदा जल के उपयोग के लिए नर्मदा विकास प्राधिकरण द्वारा योजनाओं पर काम किया जा रहा है। लगभग 32 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाएँ निर्माणाधीन है। इन परियोजनाओं के अतिरिक्त 19 हजार करोडं रूपये लागत की 9 परियोजनाओं की भी प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश को आबंटित नर्मदा जल का अधिकतम उपयोग हो सकेगा। निर्माणाधीन परियोजनाओं में इंदिरा सागर परियोजना नहर, ओंकारेश्वर परियोजना नहर, रानी अवंतीबाई लोधी सागर परियोजना बरगी व प्रवर्तन परियोजना तथा लोवर गोई परियोजना मुख्य है। इनके अलावा नर्मदा-मालवा गंभीर लिंक परियोजना उज्जैन देवास उज्जैनी पाईप लाईन तथा अपरबेदा आरबीसी के कार्य पूर्णता- की ओर है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत निर्मित सिंचाई क्षमता को आगामी वर्षों में बढ़ाकर 50 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 33 लाख 77 हजार हेक्टेयर है। सिंचाई क्षमता को 2024-25 तक 50 लाख 74 हजार हेक्टेयर किया जाना है। वर्ष 2020 -21 में इसे 1.94 लाख हेक्टेयर, 21 - 22 में 1.86 लाख हेक्टेयर, 22 -23 में 2.74 लाख हेक्टेयर, 23-24 में 5.76 लाख हेक्टेयर और 24 -25 में 4.66 लाख हेक्टेयर बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंचाई क्षमता बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पूर्व में मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए थे। सिंचाई क्षमता में वृद्धि का ही परिणाम है कि प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन लगातार बढ़ा है। इस वर्ष गेहूँ उत्पादन में तो मध्यप्रदेश ने रिकार्ड बनाया है। गेहूँ उपार्जन में मध्यप्रदेश 129 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी कर देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

**32 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाएँ निर्माणाधीन**

## रोजगार सेतु पोर्टल से अब 16 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिकों को मिला रोजगार

**भोपाल।** प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के साथ उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाने के लिये राज्य सरकार द्वारा रोजगार के अनेक माध्यम विकसित किये गये। इन माध्यमों में मनरेगा के साथ-साथ रोजगार सेतु पोर्टल प्रारंभ किया गया। श्रमिकों को उनके कौशल के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिये नियोक्ताओं को भी पोर्टल से जोड़ा गया। इस पोर्टल से अब तक 16 हजार 41 प्रवासी श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया गया है। रोजगार पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों के साथ ही नियोक्ता संस्थाओं ने भी पंजीयन करवाया है। पोर्टल पर पंजीकृत नियोक्ताओं की संख्या 25 हजार 247 हो चुकी है, जिनके द्वारा 29 हजार 170 रिक्तियाँ प्रवासी श्रमिकों के लिये खोली गई हैं।

# मंत्री पटेल ने रिवेरा टाऊन में किया पौधरोपण



**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने भोपाल स्थित रिवेरा टाउन सोसायटी में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के नवनियुक्त राज्य मंत्री श्री राम खिलावन पटेल, रिवेरा टाउन सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर अजय मेहता भी उपस्थित थे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल से उनके निवास पर सौजन्य भेंट करने पहुँचे नवनियुक्त मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी और राज्य मंत्री श्री राम खिलावन पटेल का कृषि मंत्री ने शाल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

# प्रदेश में फिल्मस व सीरियल्स की शूटिंग के लिए एमपी टूरिज़्म ने जारी की एडवाइजरी

## आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा व स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की खूबसूरत लोकेशन्स पर एक बार फिर फिल्म्स, सीरियलस एवं वेब सीरिज की शूटिंग शीघ्र ही प्रारंभ हो सकेगी, इसके लिए मध्यप्रदेश पर्यटन निगम की ओर से फिल्मस एवं सीरियलस की शूटिंग के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री सोनिया मीणा ने बताया कि इस एडवाइजरी में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नियम बनाये गये हैं। शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित दिशा-निर्देश के साथ ही इस एडवाइजरी में भी संशोधन किया जा सकता है। एडवाइजरी को पब्लिक डोमेन में दिया गया है। शूटिंग के लिए बहुत सारे फिल्मस और सीरियल प्रोड्यूसर्स-डायरेक्टर्स काफी समय से कॉन्टेक्ट करके शूटिंग की अनुमति चाह रहे थे, वे अब टूरिज्म बोर्ड द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करते हुए शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इसके लिए स्थानीय जिला प्रशासन को सूचित करने के साथ ही अलग निर्देश होने पर उनका पालन करते हुए शूटिंग रिज्यूम की जा सकती है। निश्चित तौर पर प्रदेश में शूटिंग प्रारंभ होने से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार अवसर मिल सकेंगे। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के फिल्म फैसिलिटेशन सेल ने एडवाइज़री गाइडलाइन्स ‘फ्रटू री-स्टार्ट%% फिल्म शूटिंग इन मध्यप्रदेश’ जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार शूटिंग में भाग लेने वाले लोगों को हेल्थ डिक्लेरेशन फॉर्म ‘एनेक्जर-ए’ (‘हह्वश्वङ्गत्रश्च ;’) भरना होगा। यह फॉर्म निर्माता द्वारा संबंधित पदाधिकारी को फिल्म शूट की अनुमति के लिए भी प्रस्तुत करना होगा। एडवाइजरी के अंतर्गत लोकेशन पर 15 क्रू मेंबर इनडोर शूटिंग के लिए तथा ऑउटडोर पर 30 व्यक्तियों की ही अनुमति होगी, साथ ही शूटिंग इक्विपमेंट्स रोजाना सेनिटाइज करना होंगे। अगर कोई व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो उस व्यक्ति को तुरंत आइसोलेट कर दिया जाएगा और शूटिंग लोकेशन को तुरंत खाली करा दिया जाएग।

उस व्यक्ति से जो भी कॉन्टेक्ट में आया होगा उस व्यक्ति की जांच की जाएगी और तुरंत पूरे क्रू मेंबर्स को आइसोलेट कर दिया जाएगा।

स्टूडियो लोकेशन को पूरी तरह से खाली करने के बाद सेनिटाइज करना अनिवार्य होगा।

सेफ्टी चेक्स पूरी तरह होने के बाद ही शूटिंग रिज्यूम हो सकेगी।

शूटिंग से पहले और शूटिंग के बाद सभी इक्विपमेंट्स को रोजाना सेनिटाइज करना होगा।

हर डिपार्टमेंट के मेंबर्स को ब्रेक के दौरान इस्तेमाल किए गए गियर्स को डिसइनफेक्ट करना होगा।

एक ही इक्विपमेंट्स को दूसरे मेंबर्स द्वारा छूने की संख्या को कम करना होगा।प्राइवेट लोकेशन पर शूटिंग

अगर किसी प्राइवेट लोकेशन पर शूटिंग की जाती है, तो प्रॉपर्टी ऑनर के साथ एग्रीमेंट के तहत ही फिल्मांकन किया जा सकेगा।

लोकेशन को शूटिंग के पहले और शूटिंग के बाद में प्रॉपर तरीके से सेनिटाइज़ करना होगा।

शूटिंग लोकेशन पर किसी भी बाहरी व्यक्ति को एंट्री नहीं होगी एवं लोकेशन्स पर शूटिंग देखने हेतु भीड़-भाड़ न हो यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

शूटिंग के दौरान बार-बार हाथ धोना होगा और हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल भी करना होगा।

फेस कवर मास्क शूटिंग लोकेशन पर अनिवार्य होगा।

पूरी कास्ट और क्रू मेंबर को शूटिंग लोकेशन पर अपने फोन में आरोग्य सेतु एप इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा।

शूटिंग के समय एक नोडल पर्सन और हेल्थ रिप्रेजेंटेटिव डॉक्टर के साथ फिल्म लोकेशन पर अपॉइंट करना होगा।

सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखने के लिए एक लोकेशन पर 15 लोग इंडोर शूटिंग के लिए और आउटडोर शूटिंग में सिर्फ 30 लोगों को ही अनुमति होगी।

शूटिंग लोकेशन पर सिर्फ उन लोगों को रहने की अनुमति होगी जो परफेक्टली आईडेंटिफाइड होंगे चाहे वह एक्टर हो एक्ट्रेस हो या टेक्नीशियन।


शूटिंग लोकेशन में एंट्री से पहले आईआर थर्मोमीटर से बुखार चेक किया जाएगा।

संपादकीए

## जिनपिंग का रुख

चीन के सुप्रीम लीडर शी जिनपिंग का आक्रामक रुख उन्हें भारी पड़ सकता है। वे इसके जरिए भले ही यह संकेत देना चाह रहे हों कि कोरोना वायरस के चलते बाद चीन को आर्थिक और कूटनीतिक तौर पर कोई झटका नहीं लगा है। मगर जिस तरह भारत समेत अन्य देशों ने चीन का प्रतिकार किया है, जिनपिंग का यह इरादा फेल भी हो सकता है। फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोरोना के मामले में लगातार चीन को घेरे हैं। ट्रंप ने चीन पर निशाना साधते हुए कहा कि हम गाउन, मास्क और सर्जिकल उपकरण का उत्पादन कर रहे हैं... इन्हें विशेष रूप से विदेशी भूमि में बनाया गया। विडंबना यह है कि विशेष रूप से चीन में, जहां से यह वायरस और अन्य बीमारियां आई थीं। चीन की गोपनीयता बरतने, धोखे और आवरण रखने की सोच ने इसे पूरी दुनिया में फैलने दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए चीन को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उसे जिम्मेदारी लेनी ही होगी। रूस भी अमेरिका के साथ चीन पर चढ़ाई किए है। नेपाल में भी उसका विरोध हो रहा है तो भूटान भी जमीन हथियाए जाने से खफा है। अपनी पार्टी या सरकारी मशीनरी पर शी का कंट्रोल वैसे ही बरकरार है। लेकिन कभी हर चीज के चेयरमैन कहे जाने वाले जिनपिंग की रफ्तार बहुत धीमी हो चली है। 2015-16 में आर्थिक सुस्ती के बावजूद वह अपनी सत्ता आसानी से बचा ले गए थे, हालांकि अब चुनौती बड़ी और ग्लोबल है। चीन एक बार फिर आर्थिक गिरावट झेल रहा है। पश्चिमी देशों का मूड उसके खिलाफ हो गया है, इनमें से कई तो ऐसे हैं जिनके चीन के साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं। विदेश जाकर काम, पढ़ाई या घूमने वाले रईस चीनियों को भी इस बात का अहसास हो चुका है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव नेटवर्क इसीलिए बनाया गया था ताकि चीन के राजनीतिक हित साधे जा सकें और दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता कम हो सके। इस प्रोजेक्ट को बड़ा झटका लगा है। कई देश कर्ज को रीशेड्यूल करने की बमांग कर रहे हैं। चीन ने हफ्तों तक कोविड-19 की बात छिपाई, इससे भी इस पहल पर नकरात्मक असर हुआ है। शी जिनपिंग ऐसे नेता के रूप में उभरे हैं जो पूरी तरह से पार्टी के प्रति समर्पित है। उनका मकसद कम्युनिस्ट पार्टी के हाथों में चीन की सत्ता रखना है। पार्टी ने जिस तरह से आर्थिक विकास किया है और शी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जैसा अभियान चलाया, उससे इस मकसद को और बल मिला। शी ने अपने कई दुश्मनों को करप्शन कैंपेन में निपटा दिया। चीन ने हाल ही में जो आक्रामक रुख अपनाया, उसका मकसद अपने पड़ोसियों को याद दिलाना था कि वे दोयम दर्जे पर हैं। हालांकि शी जिनपिंग का यह दांव ठीक नहीं बैठा। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चीन ने जब घुसपैठ की भारत ने उसका करारा जवाब दिया। यह साफ हो गया कि भारत बात आगे बढ़ जाएगी, इस डर से चुप नहीं बैठेगा। दूसरी तरफ, ऑस्ट्रेलिया ने भी इम्पोर्ट बंद करने की चीन की धमकी को नजरअंदाज करते हुए चीनी सैनिकों के आने पर रोक लगा दी है। दक्षिण चीन सागर में जापान और दक्षिण एशियाई देश चीन के आगे गुट बनाए खड़े हैं और उससे समुद्र के नियमों का पालन करने को कह रहे हैं। हांगकांग के लिए नए कानून बनाकर चीन को वैश्विक स्तर पर आलोचना झेलनी पड़ रही है, लेकिन जिनपिंग शायद ही अपना रास्ता बदलें। हालांकि यह चीन के ऊपरी तबके लिए जरूर अजीब है जिसने लोकतंत्र के बदले आर्थिक बेहतरी को चुना। अभी भले ही राष्ट्रवाद पर सवार होकर जिनपिंग इस चुनौती से निपट लें मगर पार्टी के भीतर अपनी हनक बरकरार रख पाना उनके लिए आसान नहीं होगा।

### ऐसे निश्चल बैठे क्यूं हो



कुछ तेवर बदलते हैं
मुरझाए से चेहरे क्यूं है
कुछ रंगत बदलते हैं
मायूसी की दीवारों पर चढ़
ये संसार समझते हैं
चल दोस्त जिंदगी की सैर करते हैं।
सुन....
जब पंछी उड़ते हैं
आसमान को छूते हैं
दिन उन्हें थकाता है
सूरज पंख जलाता है
फिर भी कलख करते है
जब साझ घर लौटते है
थके मन मे वही जोश भरते भी
चल दोस्त जिंदगी की सैर करते हैं।
देख...
नदी का बहता पानी
कभी धीमा कभी तूफानी
बटती छोटे धारो में
कभी लहर बन उठती है
हर मोड़ पर जलधारा
कुछ और तेज बहती है
बूंदों सी शक्ति ले
पत्थर कांकर करते है
चल दोस्त जिंदगी की सैर करते हैं।
सोच...
वक्त की चाल पुरानी
कल बदला कल वही कहानी
हर मौसम जरूरी है
बिन धूप छांव अधूरी है
तु कोशिश करता जाएगा
बंजर में बाग उगाएगा
परिवर्तन के बदले से
मन की भूमि भिगोते है
चल दोस्त जिंदगी की सैर करते हैं।
देख...
गगन का एक नजारा
तुम टिमटिमाता छोटा तारा
जितनी रात अंधेरी होगी
बिन चंदा के आसमान में
तारे राह दिखाएंगे
टूटे तो भी चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हैं
चल दोस्त जिंदगी की सैर करते हैं।।

**नीलम सोंलकी एडवोकेट**
**ग्वालियर मप्र**

# गुरु ही साक्षात ईश्वर हैं



कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करता है, तो उसके पीछे उसकी लगातार मेहनत, हिम्मत और सबसे ज्यादा उसके गुरु का हाथ होता है। हर लक्ष्य को पाने के लिए अगर कोई आगे बढ़ाता है, नियमित अभ्यास और लगन की दिशा में आगे बढ़ना सिखाता है तो वह है हमारे गुरु। हर लक्ष्य तक पहुंचना, कभी हार नहीं मानना हमें सिखातें हैं वो हैं हमारे गुरु जी। हां गुरु पूर्णिमा एक ऐसा दिन है जब हम अपने गुरु को श्रद्धा से नतमस्तक होकर अपने हर आने वाले हर दिनों के लिए आशीर्वाद लेते हैं। माता-पिता सबसे बड़े गुरु और पहले गुरु हमारे हैं।गुरु की महिमा अपार है उनके आगे कोई कुछ भी नहीं, गुरु शिष्य के लिए ईश्वर समान होता है ।जो उसे सही रास्ता दिखाता है उनके दिव्य ज्ञान से हम अपने आप को,अपने मन को, अपने विचार को, अपने ध्यान को सही दिशा में ले जा पाते हैं। गुरु हमें ऐसा तरीका बताते हैं जिससे हम अपने अंदर मौजूद खजानों को खोज पाते हैं। नियमित रूप से हम अपने मन को नियंत्रित कर पाते हैं, आगे बढ़ पाते हैं, सही गलत की पहचान कर पाते हैं ये सब हम गुरु के दिए शिक्षा और संस्कार से ही तो सिखते हैं, अगर हमें सफलता मिलती है उनके पीछे सबसे बड़ा हाथ हमारे गुरु का होता है।किसी भी विचार का प्रभाव हमें गलत या सही का चुनाव गुरु के दिए शिक्षा से ही हम कर पाते हैं। उनके दिए संयम, विवेक, हिम्मत ना हारने की सीख, नियमित अभ्यास और लगन से हम हर मंजिल पा सकते हैं। हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं यह सारी शिक्षा हमें अपने गुरु, माता पिता से हमें मिलती है। हमें कभी भी हार नहीं मानना चाहिए अपने विचारों को रोकने, अंतर करने और ध्यान ठिकाने की शिक्षा हमें बचपन से गुरु से ही मिलती है। नियमित रूप से आंतरिक शक्ति, आनंद और एकाग्र मन से किए गए काम से हमें सफलता जरूर मिलेगी, हम अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त करेंगे यह सारी चीजों से अवगत कराने वाले भी गुरु ही होते हैं। असफलता से घबराकर हार नहीं माननी चाहिए और अगर सफलता मिलती है तो हमें बैठना भी नहीं चाहिए, आगे बढ़ना चाहिए। गुरु पूर्णिमा के दिन लोग अपने गुरु की पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं। गुरु के द्वारा दी गई शिक्षा के लिए एक तरह से हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।इस दिन हम अपने गुरु समान माता-पिता, भाई-बहन सभी को गुरु की तरह मानकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। हिंदू धर्म में इस पूर्णिमा का विशेष महत्व है, धर्म ग्रंथ के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु के अवतार वेदव्यास जी का जन्म हुआ था उन्होंने महाभारत जैसे कई महान ग्रंथ की रचना की कौरव, पांडव सबके वह गुरु थे इसलिए आषाढ़ महीने की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है ।क्या आपको पता है गुरु पूर्णिमा की शुरुआत कब और कैसे हुई ? शास्त्रों में इस दिन का विशेष महत्व है इसे महान पर्व के रूप में मनाया जाता है। पुराने समय में जब बच्चे गुरुकुल आश्रम में पढ़ते थे तब गुरु से शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते थे और निशुल्क शिक्षा प्राप्त करते थे।शिष्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद गुरु पूर्णिमा के दिन अपने श्रद्धा से जो बन पड़ता था गुरु का पूजन कर उन्हें गुरु दक्षिणा देते थे इसलिए इस दिन गुरु पूजा का महत्व है। 4 महीने तक साधु संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान लेते हैं, यह 4 महीने मौसम के हिसाब से अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त समय माना गया है। गुरु चरणों में उपस्थित लोगों को ज्ञान प्राप्त करने की शक्ति उन्हें मिलती है, अपने मन में गलत विचार उत्पन्न ना होने दें, अपने आराध्य देव का ध्यान करें गुरु से बड़ा कोई नहीं होता, गुरु पूर्णिमा पर अपने समस्त गुरुजनों का आशीर्वाद जरूर ले।

गुरु है देव समान गुरु को दो सर्वोपरि मान सम्मान
सही राह चलने का पूजनीय गुरु ही ब्रह्म सा देता ज्ञान

प्रकाश जीवन में फैलाते गुरु ज्ञान बिन सब सुना
सुना हर भंडार ,बिना गुरु के अधूरा ये संसार,

विवेक से ज्ञान की सरिता बहाकर ज्ञान ज्योति जगाते
जिंदगी निश्चल निस्वार्थ भाव से शिष्य की है संवार देते

ज्ञान का सागर भरते हैं,जीवन उजियार करते हैं
मरुस्थल में भी उल्लेखित ज्ञान से दीप जलाते हैं

ज्ञान प्रकाश का फैलाकर रंग-बिरंगे फूल खिलाते हैं
सही गलत समझा कर शिष्य को ऐसी राह दिखाते हैं

मान सम्मान गुरु को दें जो उन्हें मिल जाए भगवान
ब्रह्मा, विष्णु, महेश सब हैं गुरु में ही तो विद्यमान



**निक्की शर्मा**
**रश्मि**
**मुम्बई**

### भारतीय रेल गरीबों का दिल



सन अट्ठारह सौ तिरेप्पन में,
शुरू हुई थी पटृरियों पर सफर।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
शुरू-शुरू में अमीरों से यारी,
फिर बन गई गरीबों की सवारी,
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
छुक-छुक कर चलती रही,
समय-समय पर बदलती रही,
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
शुरुआत में कोयला खाई,
फिर डीजल का धुआं उड़ाई,
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
समय बदला,रेल बदली,
डीजल की जगह ली बिजली।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
खून सी पट्टरियों पर दौड़ती रही,
देशवासियों को जोड़ती रही।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
उद्योगों के लिए जान बनी,
व्यापारियों की प्राण बनी।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
चल रही कश्मीर से कन्याकुमारी,
दौड़ती है अरुणाचल से गुजरात।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
दिन-रात बिना रुके दौड़ रही,
हर भारतवासी के साथ-साथ।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
फिर आखिर क्या हो गई बात,
जो बेचने की हो रही शुरुआत।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
अगर बिक गया रेल तो,
बिक जाएगा सस्ता सफर।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
भारतीय रेल सिर्फ रेल नहीं,
करोड़ों गरीबों का दिल है।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
पांच रूपए में पंद्रह स्टेशन,
गरीबों को कौन पहुंचाएगा।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
मत कर रेल के निजीकरण,
गरीबों का भाग्य रूठ जाएगा।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
रेल व्यापार का माध्यम नहीं,
सेवा का साधन है आज तक।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।
पांच किलो अनाज रख अपना,
मत बेच सस्ते सफर का सपना।
हमारे प्यारे हिंदुस्तान में।

**गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम**
**सामाजिक और राजनीतिक चिंतक**
**देवदत्तपुर दाऊदनगर औरंगाबाद बिहार**
**9507341433**

### बेटियों की जीवनगाथ



बेटियों को मारने वालों
सुनलो तुम्हें सुनाती हूँ ।
एक बेटी की जीवनगाथा
आज तुम्हें बतलाती हूँ।
माँ के गर्भ में आयी जब बेटी
तो सबने शोक मनाया है।
गर्भ में ही उस बेटी को
सबने मार गिराना चाहा है।
बेटियाँ तो आती है
अपनी-अपनी किस्मत
लेकर
अपने शुभ कर्मों से करती हैं
ये दो-दो कुलों को रोशन।
सहनशीलता की हैं ये मूरत
कोमल हैं मगर कमजोर नहीं हैं।
शक्ति का नाम ही नारी है
अपनी निर्मलता से ये
सबका मन लुभाती हैं।
कोई कुछ भी बोले
ये सब सह जाती हैं।
बेटियों की जीवनगाथा
को कोई न समझ पाया है।।

**आँचल अग्रवाल**
**लवकुशनगर छतरपुर मप्र**

## कोरोना की भेंट चढ़ी कांवड यात्रा!

19 जुलाई को शिवरात्रि है। लगभग 20 दिन पहले से ही कांवड़ यात्रा शुरू हो जाती है। राजस्थान, मध्यप्रदेश,हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार तक के शिवभक्त हरिद्वार ऋषिकेश और गोमुख से कांवड़ में गंगाजल भरकर पैदल या फिर डाक कांवड़ के द्वारा अपनी मनोती के शिवालय में पहुंचकर सावन मास की त्रयोदशी और चतुर्दशी को शिव रात्रि पर जलाभिषेक करते हैं। हरिद्वार, ऋषिकेश, गोमुख और गंगोत्री आदि स्थानों से देशभर के शिवभक्त कांवड़ यात्रा करते हैं। यह यात्रा लगभग 20 दिन तक चलती है। गंगाजल लेकर पैदल यात्र करने वाले भक्तों का सैलाब उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान तक में मुख्य मार्गों को बंद करा देता है।लेकिन इस बार ऐसा नही होगा।न मार्ग बंद होगा और न ही बम बम भोले की गूंज सुनाई देंगी।दरअसल कोरोना ने कांवड़ यात्रा को भी लील लिया है।उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों की सरकारों ने इस बार कोरोना से बचाव के लिए कांवड़ यात्रा संचालित न होने देने का निर्णय लिया है।जिससे शिव भक्त कांवड़ियों में जहां निराशा है वही इस कांवड़ यात्रा के कारण हर वर्ष कम से कम एक सप्ताह तक राजमार्ग बंद होने से आम लोगो को होने वाली परेशानी से राहत मिली है। श्रावण मास में कावंड में गंगाजल भरकर पदयात्रा करते हुए शिवालयो में जलाभिषेक करना पूण्यप्राप्ति का कारक माना जाता है। जिस कावंड में गंगाजल भरकर शिवालय में ले जाया जाता है। उस कावंड को बनाने वाले हिन्दू ही नही मुस्लमान भी होते है। ज्वालापुर,सराय निवासी इस्लाम ,युनुस व रफीक का परिवार साल भर की रोजी रोटी इसी कावंड को तैयार कर उसे साधको को बेचकर प्राप्त करता है। इतना ही नही कई मुस्लमान हिन्दूओं के इस कावंड मेले में कावंड सहायता शिविर लगाकर धार्मिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का सन्देश भी देते है। कावंड मेले को बदरंग करते हुए कुछ कांवडिये भांग का सेवन करते है तो चरस गांजे का अवैध व्यापार भी कावंड मेले की आड में खूब फलता फूलता रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शिव की भक्ति आषाड मास के बीस दिन बीतने के बाद से ही श्रावण मास पूरा होने तक 40 दिन के लिए किये जाने की परम्परा है। जिसकी शुरूआत हो चुकी हैऔर लेकिन कोरोना के कारण शिवालयो में भक्तो की कोई भीड़ इस बार दिखाई नही दे रही है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल एक करोड से अधिक कांवडियों के हरिद्वार आकर गंगाजल अपनी कावंड में भरकर ले जाने की जानकारी मिलती रही है। जिनके लिए गंगनहर पटरी मार्ग को कावंड मार्ग बनाया जाता है।हालांकि कुछ कांवड़िये राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जाने लगते है। कावंडियो के लाठी डन्डे लेकर व डीजे बजाकर चलने पर हर वर्ष प्रतिबन्ध लगाया जाता है। लेकिन हर बार यह प्रतिबन्ध हवाई साबित होता रहा है। प्रतिबन्ध के बाद भी कावंडिये लाठी डन्डे लेकर व डीजे बजाकर चलने से नही रूक पाते । कावंड मेले को सुगम व सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस को जहां कांवड़ियों के भेष में तैनात किया जाता रहा है वही स्वास्थ्य सेवाओ के लिए डाक्टरो की तैनाती,सफाई के लिए पुख्ता इन्तजाम व खादय पदार्थो की शुद्धता व सही रेट वसूलने की हिदायत दी जाती रही है। परन्तु वास्तव में जब कांवडियो की भीड उमडती है तो पुलिस प्रशासन सब, कांवडियो के सामने बोने होते नजर आने लगते है। लेकिन इस बार चूंकि कांवड़ मेला हो ही नही रहा, इस कारण कांवड़ियों की मनमानी भी नही हो पाएगी। कांवडियो के कारण गंगनहर मार्ग तो आम जनता के लिए बन्द रहता ही है, वही राष्टीय राजमार्ग के भी कम से कम एक सप्ताह तक बन्द रहने की बाध्यता हो जाती है। जिस कारण स्कूलो,न्यायालयों व सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों का कामकाज प्रभावित होना अवश्यसम्भावी होता रहा है। सच यह भी है कि कावंड मेले के दिनों में हरिद्वार,रूडकी से लेकर मुज्जफरनगर,मेरठ तक के लोग बन्धक हो जाते है।



## वर्तमान शिक्षा तंत्र में एक बार फिर बदलाव की आवश्यकता

कोविड 19 के बाद अब फिर समय का चक्र तेजी से घूम रहा है । जहां एक ओर भारत जैसे विकासशील देश में युवा शक्ति से अत्यधिक अपेक्षाये की जा रही है। वही दूसरी तरफ भारत में बालकों और युवाओं की शिक्षा में गुणवत्ता वृद्धि हेतु तनिक भी प्रयास नही किये जा रहे। समय की मांग के अनुरुप देखा जाये तो आज संपूर्ण भारत की शिक्षा प्रणाली में बहुत से सुधारों को करने की अवाश्यकता है । जैसे की सर्वविदित है कि , भारत की अधिकांश जनसंख्या खेती के माध्यम से अपना जीवन यापन करती है । भारत एक कृषि प्रधान देश है। उस लिहाज से अगर आंकलन किया जाये तो यहां अधिकांश परिवार जिनका जीवन खेती किसानी पर आधिरित है वे गाँवों और कस्बों में निवास करते है और एक साधारण जीवन जीते है ऐसे में इन लोगों मे अधिकांशतः प्राथमिक शिक्षा से भी वंचित रह जाते है और जो ग्रामीण जन कुछ शिक्षा ग्रहण भी कर लेते है तो वह उस दर्जे की नही होती जिससे उन्हें वैकल्पित तौर पर किसी अन्य जगह पर जाके काम मिल सके। या वो अपने बच्चों को ही पढ़ा सके। वर्तमान समय में तो गांवो, में पढ़ने वाले बच्चें तकनीकी शिक्षा या कम्प्यूटर आधारित शिक्षा में महारत हासिल करने में असक्षम होते है। युवा होते-होते कुछ एक दो बच्चे ही इनमें अच्छें रोजगार प्राप्त कर पाते है वाकि पुनः उसी भीड़ का हिस्सा बन कर रह जाते है जिनको उनकी शिक्षा के आधार पर अच्छी नौकरी मिलना कठिन है। ऐसे में ऑनलाइन क्लासेस में ऐसे बच्चो की परिकल्पना ही कैसे की जा सकती है। अब बात करें,अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की तो इन स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चें जो मध्ययम वर्गीयें परिवार से आते है । वे घर के वातावरण और अपने विद्यालय के वातावरण के मध्य सामंजस्य बैठाने में सदैव संघर्सरत रहते है । एक बालक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कौन कौन सी चीजे बाधक है। इस बात का पता लगाने पर



हम पायेगें की सबसे महत्वपूर्ण है शिक्षा की भाषा । कि, किस भाषा में बच्चे को पढ़ाया जा रहा है वह उसको कितना समझ आ रहा है जो उसे पढ़ाया गया । दूसरी बात है आपका सामाजिक स्तर । ÷सर्वशिक्षा अभियान÷ के अंतर्गत अगर आपके बच्चे को किसी बडे स्कूल में दाखिला मिल गया । तो क्या आपका बच्चा जिसके पिताजी आज भी साईकिल चलाते है किसी [illegible] या मर्सडीज कार में चलने बाले बच्चे जितना जीवन स्तर पा सकता है । वर्तमान शिक्षा तंत्र में ऐसी कई कमियां मौजूद है। अगर हम मूल्य आधारित शिक्षा की बात करे तो वह क्या होती है उसके अंतर्गत श्रोता और प्रषेण अर्थात् छात्र और शिक्षक के मध्य मित्रवत संबंध होना चाहिये। निजी हो या सरकारी विद्यालय प्रत्येक विद्यालय का मुख्य मकसद केवल शिक्षा प्रदान करना ही नही होना चाहिए बल्कि बच्चों में सीखने की प्रवृत्ती विकसित करना होना चाहियें। बच्चों के समझ के दायरे की बढ़ावा दे । घिसे-पिटे कितबी ज्ञान के आकलन के आधार पर मेरिट निर्धारित ना करें बल्कि विज्ञाप्ति के साथ -2 अतिरिक्त क्रियाकलापों में बच्चों ने कैसा प्रर्दशन किया है उनके अंको की रिपोर्ट कार्ड में स्थान होना चाहिये। बच्चो के समझने और उनके प्रतिक्रिया देने के आधार पर ही हम उनका सही आंकलन कर सकते है। अक्सर कुछ बालक जो कक्षाओं में सदैव प्रथम आते है व्यवहारिक ज्ञान से अपरिचित होते है साथ ही अन्य क्रियाकलापों जैसे कसरत,चित्रकारी,खेल-कूद,की प्रतियोगिताओं नाच-गाने में ज्यादा रुचि नहीं दिखाते आगे जाकर इनमें से कुछ लोग ही महाविद्यालय और समाज में उच्च दर्जा प्राप्त करते है अधिकांश एक साधारण सी नौकरी के साथ अपना जीवन गुजार देते है। किन्तु जिन बच्चों का पढ़ाई में स्तर मध्यम होता है वे अन्य क्रियाकलापों में रुचि के चलते उच्च शिक्षा भी ग्रहण कर पाते है और अपने हुनर के अनुरुप रोजगार प्राप्त करके एक सफल और उत्कृष्ट जीवन जीते है। मेरे ये कहने का तात्पर्य बस इतना है कि वर्तमान समय में आपका केवल किताबी ज्ञान लेना ही उचित नही है किताबों में जो लिखा है वो कई साल पूर्व के अनुभव होते है जो सिर्फ आपकी बुनियाद मजबूत कर सकते है। उसके आगे की इमारत आपको आपनी सीखने की क्षमता के आधार पर बढ़ानी होती है एक कक्षा मे होशियार और मूर्ख दोनों तरह के छात्रों को एक सा ज्ञान दिया जाता है। होशियार छात्र तो पढ़ कर आगे बढ़ जाते है पर जो कमजोर है उन्हें प्रताड़नाओं के सिवा कुछ नही मिलता जबकि अब हमारे शिक्षा तंत्र में कमजोर छात्रों के बुद्धि हेतु भी ध्यान दिये जाने की आवश्कयता है स्कूलों से रोजगार काउंसलिंग का पूरा पैनल होना चाहियें। जो बालकों को उनके बुद्धि के स्तर के आधार पर चुनने और उसमें क्या रोजगार की संभवना हो सकती है उसे बदलने का कार्य करें शिक्षा सदैव मूल परक और उसमें क्या रोजगार उन्नमुखी होनी चाहियें। हर बच्चे को किताबी पढ़ाई में रुचि और दिमाग एक सा नही होता इसलिए माता-पिता को भी चाहिये।कि वो केवल बच्चों को किताबी पढ़ाई में टॉप करने को प्रेरित ना करें। बल्कि समझे भी उनका बालक या बालिका किसा क्षेत्र में अग्रणी है उसे वैसी शिक्षा प्रदान करवाये। बालक-बालिकाओं में हो रहें होते भावनात्मक बदलावों के विश्व में हफ्ते में एक दिन एक व्याख्यान अवश्य होना चाहियें। इस तरह अगर बदलते वक्त और आधुनिकरण के दौर में हम अपने समाज को पिछड़ने नही देना चाहते तो हमें वर्तमान शिक्षा तंत्र में सुधार करने की अत्याधिक आवश्यकता है।

# करण की दोस्ती का मजाक उड़ाया रंगोली ने

**मुंबई ।** बालीवुड के जानेमाने फिल्म निर्माता करण जौहर का मजाक उडाना रंगोली चंदेल को महंगा पड गया। करण ने तो उन्हें कुछ नहीं कहा लेकिन उनके फैंस ने ही रंगोली की बोलती बंद कर दी। दरअसल रंगोली की बहन एवं अभिनेत्री कंगना रनौत के साथ करण जौहर को भी पद्मश्री देने का ऐलान किया गया। इसी के चलते पर जब करण जौहर से कंगना को लेकर सवाल किया गया तो करण ने कहा कि हमारे बीच नाराजगी जैसा कुछ नहीं है। मेरे पास कोई फिल्म होगी, जिसमें कंगना की जरूरत होगी तो मैं उन्हें जरूर फोन करूंगा। इस खबर पर कंगना ने तो नहीं उनकी बहन रंगोली ने प्रतिक्रिया दी है, जिसके बाद वह जमकर ट्रोल हो रही हैं। रंगोली ने ट्वीट किया



है कि करण जौहर जी कह तो ऐसे रहे हैं कि जैसे फोन करने पर कंगना आ जाती है। भाईसाहब आपके और मेरे चाहने से क्या होता है, कंगना को तो स्क्रीप्ट चाहिए होती है, कभी होगी आपके पास उनके लायक स्क्रिप्ट? इसके बाद रंगोली ने लिखा कि आखिरी बार कंगना ने करण जौहर की %ए दिल है मुश्किल% देखी थी। वह गुस्सा हो गई थीं और उन्होंने मुझसे कहा कि कैंसर पीड़िता की कीमोथैरेपी चल रही है फिर भी लड़का जबरदस्ती करता है और उसे कहना है कि अब तो मेरी हो जा। अब तो तुझे कैंसर है। कंगना इसे लेकर कई दिनों तक हैरान रही थी। करण जौहर जी अगर ऐसी स्क्रिप्ट लेकर आओगे तो आपको भगवान भी नहीं बचा सकता। प्लीज कंगना से दूर रहो, सबकी भलाई इसी में है। इस ट्वीट के बाद रंगोली ट्रोल हो गई। एक फैन ने लिखा कि इसी वजह से %पंगा% फ्लॉप हो गई। आपकी वजह से कंगना का करियर डूबता रहेगा। एक ने लिखा कि आपका यही घमंड एक दिन डूबा देगा, शायद वो समय शुरू हो गया है।एक ने लिखा रंगोली क्यों आप ऐसा व्यवहार करती हैं। प्लीज चुप हो जाओ। किसी का इतना अपमान करना ठीक नहीं है। एक ने तो यहां तक लिख दिया कि वह कंगना का करियर बर्बाद करके रहेंगी। एक ने लिखा कि आप अपनी बहन की दोस्त हैं या दुश्मन। दूसरे ने लिखा कि करण जौहर असल में स्वीट कर रहे हैं। वह कंगना की तारीफ कर रहे हैं। उनके पास भी काम करने वालों की कमी नहीं।


# धमाकेदार परफॉरमेंस देने के लिए तैयार हो रही हैं तारा सुतारिया



**मुंबई ।** बॉलीवुड की नवोदित तारा सुतारिया अपनी फिल्मों को लेकर कम पर आदर जैन के अफेयर को लेकर ज्यादा चर्चा में है है। तारा का आदर संग घूमना-फिरना और उनके परिवार के साथ खास मौकों पर समय बिताना उन्हें लोगों की नजरों में ला रहा है। कुछ समय पहले आदर जैन के भाई अरमान जैन के रोके में कपूर परिवार के साथ-साथ तारा सुतरिया भी पहुंची थीं। अब लगता है कि वे अरमान जैन की शादी में धमाकेदार परफॉरमेंस देने के लिए तैयार हैं। पिछले कुछ दिनों से तारा सुतरिया को रणबीर कपूर के बांद्रा वाले घर के बाहर स्पॉट किया जा रहा है। तारा, आदर के भाई अरमान जैन के संगीत में परफॉर्म करने के लिए डांस रिहर्सल कर रही हैं। खबर है कि तारा के साथ आलिया भट्ट और करण जौहर भी अरमान जैन के संगीत में परफॉर्म करने वाले हैं। ये सभी इन दिनों डांस रिहर्सल कर रहे हैं। इसके अलावा करिश्मा कपूर भी इस शादी में परफॉर्म कर सकती हैं। ज्ञात हो कि अरमान जैन, करीना और करिश्मा के कजिन हैं। करीना कपूर की बुआ रीमा जैन के बड़े बेटे अरमान जैन ने अपनी गर्लफ्रेंड अनीसा मल्होत्रा की सगाई जुलाई 2019 को हुई थी। ये दोनों काफी समय से रिश्ते में हैं। जल्द ही ये दोनों शादी करने वाले हैं। इसी शादी में आदर जैन और तारा सुतारिया को अधिकारिक रूप से साथ देखा जाएगा।

# अक्षय कुमार ने अपनी सास को बनाया बेवकूफ

**मुंबई ।** हाल ही में अक्षय कुमार ने अपनी सास डिंपल कपाड़िया को बेवकूफ बनाया है। दरअसल, एक अवॉर्ड सेरिमनी के दौरान डिंपल कपाड़िया को अपने हाथों से अक्षय को ÷इंडियाज मोस्ट स्टाइलिश÷ का अवॉर्ड देना था। इस अवॉर्ड को लेने के ?लिये अक्षय स्टेज पर पहुंचे। लेकिन जैसे ही डिंपल ने उन्हें बैज लगाने की कोशिश की, तो अक्षय जोर से चिल्लाए और पूरी कपड़ों पर खून फैल गया। यह देख डिंपल बुरी तरह डर गईं। ले?किन, बाद में पता चला कि वह दरअसल सॉस या कैचअप था जो अक्षय ने अपनी शर्ट पर लगाया था। इस पर डिंपल बहुत गुस्सा हुईं और स्टेज पर ही उन्हें फटकार लगाई। इसका विडियो उस वक्त खूब वायरल हुआ था। ऐसा ही हाल में अपने को-स्टार्स पर अकसर प्रैंक करने के लिए पॉप्युलर अक्षय कुमार ने फटॉग्रफर्स के साथ भी ऐसा करने की कोशिश की, जिसका एक विडियो



सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। दरअसल अक्षय अपनी एक फिल्म के शूट से घर वापस लौट रहे थे। जब वह अपनी कार की तरफ बढ़ रहे थे तभी उन्हें लोगों ने घेर लिया। ?यह देख अक्षय को अचानक ही एक ट्रिक सूझ गई। इस दौरान पहले तो वह चुपचाप चलते रहे और फिर मौका देख अपनी कार की तरफ दौड़ लगा दी। लेकिन बीच मे ही वह रुक गए और हंसने लगे। अक्षय का यह विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें ?कि अक्षय अकसर अपने को-स्टार्स के साथ भी प्रैंक करते रहते हैं। उन्होंने कृति सेनन से लेकर विद्या बालन और करीना कपूर खान तक सभी को प्रैंक का शिकार बनाया हैं। वहीं वर्कफ्रंट पर अक्षय इस साल ÷सूर्यवंशी÷ में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास बच्चन पांडे, लक्ष्मी बम, बेल बॉटम और पृथ्वीराज चौहान की बायॉपिक में भी नजर आने वाले हैं।

# अदा शर्मा ने अपनी अदाओं से फैन्स को बनाया दीवाना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नील नितिन मुकेश और अदा शर्मा की मोस्ट अवेटेड सस्पेंस ड्रामा फिल्म ÷बाईपास रोड÷ 8 नवंबर को रिलीज होने जा रही है, लेकिन उससे पहले फिल्म का एक गाना ÷इश्क मैंने पाया÷ सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें अदा शर्मा का अंदाज लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। हालां?कि पहले यह फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 8 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इस ?फिल्म को नील के भाई नमन नितिन मुकेश ने निर्देशित ?किया है। जो उनकी पहली फिल्म है। ?फिलहाल, इस गाने में नील व्हीलचेयर में बैठे नजर आ रहे हैं। वहीं, इस फिल्म में नील और अदा के अलावा गुल पनाग और रजित कपूर भी अहम भूमिका हैं। बताया गया ?कि इस गाने को अब तक 34 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वहीं, इस




फिल्म को लेकर हाल ही में नील ने कहा था ?कि ÷थ्रिलर शैली मेरी विशेषता रही है। मैंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत ÷जॉनी गद्दार÷ से की है। यह आजतक मेरे करियर का एक शानदार अनुभव रहा है। मैं हैरान हूं कि क्यों कुछ ही फिल्म निर्माता अच्छी थ्रिलर फिल्में बनाते हैं।÷ वहीं, नवागंतुक निर्देशक नमन को इस थ्रिलर के साथ इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क स्थापित करने की उम्मीद है। बताया जा रहा है ?कि इस फिल्म को वितरित या डिस्ट्रीब्यूट करने के लिए पीवीआर पिक्चर्स ने प्रोडक्शन हाउस एनएनएफ फिल्म्स और मिराज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग किया है।

# पिंक ब्रा टॉप और ब्लेजर में इलियाना

**मुंबई।** इलियाना डिक्रूज एक तरफ अपनी आने वाली फिल्म पागलपंती को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं दूसरी ओर वह अपने हॉट और बोल्ड फोटोज को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इलियाना अक्सर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं, जिन्हें लोग खूब पसंद भी करते हैं। लेकिन हाल



ही में जब वह पिंक कलर के ब्रा टॉप और ब्लेजर में नजर आईं तो लोगों की नजरें उन पर ही थम गईं। अपनी फिल्म पागलपंती के प्रमोशन के दौरान टॉप और ब्लेजर को इलियाना ने मैचिंग पैंट्स और ट्रेंडी ट्रांसपैरंट हील्स के साथ पहना। इलियाना इस लुक में बेहद हॉट लग रही थीं।

# नेपोटिज्म के कारण नहीं मिलीं कई फिल्में

## बॉलिवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू बोलीं

**मुंबई।** बॉलिवुड में नेपोटिज्म के आरोपों को लेकर टैलेंटेड ऐक्ट्रेस मानी जाने वाली तापसी पन्नू का भी रिस्पॉन्स आ गया है। एक हालिया इंटरव्यू में तापसी ने सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या और बॉलिवुड में नेपोटिजम पर बात करते हुए कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में एक आउटसाइडर होने के नाते बिना गॉडफादर या कॉन्टैक्ट्स के सर्वाइव करना काफी मुश्किल होता है। इस बारे में तापसी ने आगे कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में संपर्क बनाने में काफी टाइम लगता है और तब तक आपको काम नहीं मिल पाता है। तापसी ने कहा कि जो परेशानी एक आउटसाइडर को उठानी होती है वह इंडस्ट्री के भीतर के आदमी को नहीं उठानी पड़ती। उन्होंने कहा कि फिल्मी परिवार में पैदा होने वाले लोगों को आसानी से काम मिल जाता है। जब तापसी से बॉलिवुड में नेपोटिज्म और कथित तौर पर इसको बढ़ावा देने वालों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने भी इसे स्वीकार किया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि नेपोटिज्म के कारण बहुत सी फिल्में उनके हाथ से निकल गईं और किसी स्टार किड के हाथ में चली गईं। तापसी ने बॉलिवुड में बढ़ते नेपोटिज्म के लिए पब्लिक को भी जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि नेपोटिज्म को बढ़ावा देने के लिए लोग भी जिम्मेदार हैं क्योंकि यह महत्वपूर्ण है कि वह टिकट बुक कराकर किसी आउटसाइडर की फिल्म देखेंगे या किसी स्टारकिड की लॉन्च मूवी? तापसी का कहना है कि अगर पब्लिक खुद चाहे तो बॉलिवुड में परिस्थितियां बदल सकती हैं। इसलिए फिल्म इंडस्ट्री के कुछ लोगों पर आरोप लगाने से बेहतर पब्लिक को खुद इस बारे में सोचना चाहिए। सुशांत सिंह की आत्महत्या के बाद से ही लगातार फिल्म इंडस्ट्री में होने वाली खेमेबाजी और भाई-भतीजावाद (नेपोटिज्म) पर खुलकर बहस दोबारा शुरू हो गई है। कई बॉलिवुड के कलाकारों जैसे कंगना रनौत और शेखर सुमन और शेखर कपूर जैसे बड़े डायरेक्टर ने इस बारे में खुलकर बयान भी दिए हैं। सुशांत के फैन्स में एक बड़े वर्ग का भी मानना है कि बॉलिवुड के कुछ खास लोगों का समूह उनकी मौत का जिम्मेदार है।






पेरिस में समलैंगिकों की परेड में शामिल हुए इस समुदाय के जोड़े सामाजिक न्याय की मांग करते हुए।

# जापान में भूस्खलन और बाढ़ से नर्सिंग होम में घुसा पानी, 20 लोगों की मौत

**टोक्यो** । जापान में बाढ़ और भूस्खलन के चलते 20 लोगों की जान चली गई है। इस बाढ़ की यह घटना दक्षिणी जापान में घटी है। जापान के दक्षिण में मौजूद क्यूशू द्वीप पर हुई मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से एक नर्सिंग होम में पानी घुस गया, जिसके चलते कम से कम 20 लोगों की मौत हुई है। प्रशासन ने लाखों लोगों को अपना घर खाली करने को कहा है। यहां के कुमामोटो प्रांत में कुमा नदी अपने सामान्य स्तर से भी ऊपर बह रही है। बाढ़ के चलते करीब एक दर्जन ओल्ड एज होम तहस-नहस हो गए हैं। कुमामोटो में 6,000 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई है।



प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे ने 10,000 सैनिकों को बचाव कार्य में तैनात करने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री आबे ने कहा है कि अगले कुछ दिन तक भारी बारिश की आशंका है, ऐसे में लोग %अधिक सतर्क% रहें। सेना के साथ कोस्टगार्ड और फायर ब्रिगेड कर्मचारी बाढ़ से बचाव के लिए चलाए गए अभियान में भाग ले रहे हैं।

# कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से हो रहा इजाफा




**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि अभी तक कोरोना वायरश्स के इन्फेक्शन के जितने मामलों के बारे में पता है, असल मामले दरअसल उससे 10 गुना ज्यादा हो सकते हैं। बता दें कि अब तक पूरी दुनिया में 1 करोड़ 10 लाख 85 हजार 304 लोगों को कोरोना इन्फेक्शन हो चुका है जिनमें से 61 लाख 75 हजार 566 लोग ठीक भी हो चुके हैं। डब्ल्यूएचओ की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामिनाथन का कहना है कि किसी समुदाय में कितने लोगों को इन्फेक्शन हुआ है, यह नहीं पता है। यह पता है कि जो लोग ज्यादा बीमार होते हैं, वे टेस्ट कराते हैं और उनमें से पॉजिटिव लोगों के बारे में पता चलता है। उन्होंने बताया है कि आमतौर पर इन्फेक्शन का शिकार हुए लोगों का आंकड़ा ऐसे लोगों की तुलना में दस गुना है जो इलाज के बाद %केस% के तौर पर गिने जाते हैं। स्वामिनाथन ने बताया कि इन्फेक्शन की मुत्युदर कम है और औसतन 0.6 प्रतिशत है। दुनियाभर में कोरोना से अब तक 5 लाख 24 हजार 828 लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मामले अमेरिका में हैं जहां 28 लाख 37 हजार 612 इन्फेक्शन के मामलों में से 1 लाख 31 हजार 503 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां अभी भी हर रोज तेजी से मामले सामने आ रहे हैं और मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। वहीं, 11 लाख 91 हजार 838 लोग ठीक भी हो चुके हैं।

## मेक्सिको में कोरोना संक्रमण से अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में कोविड-19 से अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और वह इन मौतों के मामले से फ्रांस से आगे निकल गया है। इसके साथ ही देश अब कोविड-19 से मौत होने के मामले में दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। अधिकारियों ने मेक्सिको में कोविड-19 से 523 और लोगों की मौत की पुष्टि की जिसके बाद देश में कोविड-19 से हुईं मौतों संख्या बढ़कर 30,366 हो गई है। मेक्सिको में शनिवार को संक्रमण के लगभग 6,000 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमित लोगों की कुल संख्या 2,51,165 हो गई है। यह संख्या लगभग स्पेन के बराबर है जो विश्व में आठवां सबसे अधिक प्रभावित देश है। वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के बावजूद अधिकारियों ने इस हफ्ते शहर के मुख्य हिस्सों को खोलने की अनुमति दे दी थी लेकिन कुछ दुकानों पर स्वच्छता न पाए जाने पर शुक्रवार को उन्होंने अपना निर्णय वापस ले लिया।

# बैठक टलने से प्रधानमंत्री ओली की किस्मत का फैसला कल

**काठमांडू।** नेपाल में जारी राजनीतिक घमासान में दो दिन की राहत मिल गई है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे को लेकर मामला स्टेंडिंग कमेटी की बैठक टलने से दो दिन के लिए टल गया है। इस बीच, विभिन्न दलों की बैठकों का दौर जारी रहा। पार्टी के कई सीनियर लीडर चाहते हैं कि इस मसले का हल आपसी सहमति से निकाला जाए। इस बीच, खबर है कि नेपाल के प्रधानमंत्री ओली राष्टपति विद्यादेवी भंडारी से मिलने शीतल निवास पहुंचे हैं। ओली के मुख्य विरोधी और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड के बीच शनिवार को 3 घंटे



बातचीत हुई। दोनों के बीच हुई चर्चा से ही सोमवार को होने वाले राजनीतिक फेरबदल का निचोड़ निकलेगा। सूत्रों के मुताबिक, दोनों ही नेताओं पर यह दबाव है कि वो पार्टी में किसी तरह की टूट न होने दें। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल में ओली की पार्टी दो फाड़ की कगार पर पहुंच गई है। पार्टी का दूसरा धड़ा भारत से विरोध नहीं चाहता। इस बीच, ओली ने दूसरे धड़े के बड़े नेताओं से मुलाकात की और सहयोग मांगा। बुधवार को प्रचंड की अध्यक्षता में पार्टी की स्थाई समिति की बैठक में 44 में से 33 सदस्यों ने ओली के इस्तीफे की मांग की थी। इसके बाद गुरुवार को ओली के इस्तीफे पर सहमति नहीं होने पर समिति की बैठक टाल दी गई थी। इस बीच, ऐसी भी चर्चा है कि ओली नई पार्टी बना सकते है। उन्होंने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-यूएमएल के नाम से पार्टी का रजिस्ट्रेशन भी कराया हुआ है। ऐसे में दो दिन की राहत के बाद सोमवार को ही नेपाल में राजनीति का बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है।

# दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के युद्धाभ्यास पर चीन बौखलाया, दी मिसाइल हमले की धमकी

**पेइचिंग** । चीन और अमेरिका के बीच साउथ चाइना सी में तनाव अपने चरम पर है। चीन के महाभ्?यास के खिलाफ अब सुपर पावर अमेरिका की नौसेना ने इस विवादित इलाके में जोरदार



युद्धाभ्?यास शुरू किया है। अमेरिकी नौसेना ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर को दक्षिण चीन सागर में तैनात किए है। अमेरिका की जवाबी कार्रवाई बौखलाए चीन ने अब अपनी मिसाइल हमले की धमकी दी है। भारत के खिलाफ जहर उगल रहे चीन ने अमेरिका को भी %धमकी% दी है। चीन की सेना की किलर मिसाइलें डोंगफेंग-21 और डोंगफेंग-25 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर को तबाह कर सकती हैं। चीन ने कहा कि दक्षिण चीन सागर में तैनात अमेरिका के विमानवाहक पोत चीनी सेना की जद में हैं। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि चीनी सेना इन्?हें कभी भी बर्बाद कर सकती है। इससे पहले यूएस नेवी के लेफ्टिनेंट कमांडर शॉन ब्रोफी ने बताया कि अमेरिकी नौसेना के एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस निमित्ज, यूएसएस रोनाल्ड रीगन और चार युद्धपोत दिन-रात साउथ चाइना सी में युद्धाभ्?यास कर रहे हैं। अमेरिकी नौसेना दिन और रात दोनों ही समय में युद्धाभ्?यास करके चीन को किसी भी दुस्?साहस के खिलाफ सख्?त संदेश दे रही है। इसी इलाके में इन दिनों की चीन की नौसेना भी युद्धाभ्?यास कर रही है। ये एयरक्राफ्ट कैरियर दुनियाभर में अमेरिकी नौसैनिक ताकत के प्रतीक माने जाते हैं।



लॉस एंजिल्स की एक सड़क पर घूमते हुए लोग। हाल में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने से यहां समुद्र तटों पर लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

# अमेरिका में रैपर कान्ये वेस्ट भी लड़ेंगे चुनाव

**वाशिंगटन** । अमेरिका में साल के आखिर में राष्टपति चुनाव होने जा रहे हैं। मैदान में राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडन खड़े हैं। दोनों के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। इस बीच अब खबर आ रही है कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के बड़े सितारे और रैपर कान्ये वेस्ट भी राष्टपति चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने सोशल मीडिया पर बड़ा ऐलान किया है। कान्ये वेस्ट ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के जरिए घोषणा की है कि वो अमेरिका में होने जा रहे राष्टपति चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वो ट्वीट कर कहते हैं- भगवान पर विश्वास रखते हुए हमें अब अमेरिका के उस वादे को समझना चाहिए, एक विजन के साथ देश के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। मैं अमेरिका का राष्टपति चुनाव लड़ने जा रहा हूं। कान्ये वेस्ट का ये ऐलान सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर गया है।

# न्यूयॉर्क में कई देशों के नागरिकों ने किया चीन के खिलाफ प्रर्दशन

**न्यूयॉर्क** । बायकॉट चाइना मुहिम भारत ही नहीं बल्कि, अन्य देशों में भी शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर शुक्रवार रात भारतीय मूल के नागरिकों ने चीन के खिलाफ प्रदर्शन किया। भारतीय मूल के नागरिकों का ताइवान और तिब्बती मूल के अमेरिकी नागरिकों ने भी समर्थन किया। इस दौरान बायकॉट चीन के नारे भी लगाए। चेतावनी के बावजूद इन लोगों ने चीन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। इन लोगों के हाथों में चीन विरोधी बैनर और पोस्टर भी थे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने इस दौरान बायकॉट चीन के नारे भी लगाए। अमेरिका में इससे पहले भी दूसरे शहरों में चीन के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं।



प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि चीन में बनी चीजों का बायकॉट किया जाना जरूरी है। भारतीयों के संगठन अमेरिकन इंडिया पब्लिक अफेयर्स कमेटी के प्रेसिडेंट जगदीश शेवानी ने कहा कि चीन ने भारतीय सैनिकों पर हमला करके अपना असली चेहरा दिखाया है। चीन अपने आसपास के देशों को भी परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन को सबक सिखाने के लिए सबसे पहले उसे आर्थिक रूप से कमजोर करना होगा। चीन खुद अपने देश के नागरिकों के लिए भी मुसीबत बनता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 15 जून की रात गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, इस झड़प में चीन के भी 45 सैनिक मारे गए थे। लेकिन, चीन ने अब तक इस पर कोई खुलासा नहीं किया है। इसके बाद भारत ने चीन के 59 ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही भारत की कई कंपनियों ने चीन के साथ करार तोड़ दिया है।



शैफील्ड में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में गोल करने के बाद उत्साहित शैफील्ड यूनाइटेड के सैंडर बर्जर।

## कोच को स्टोक्स से अच्छी कप्तानी की उम्मीदें

**साउथम्पटन।** इंग्लैंड के कोच क्रिस सिल्वरवुड के अनुसार स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ जुलाई से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट में अच्छे कप्तान साबित होंगे। नियमित कप्तान जो रूट की जगह इस मैच में स्टोक्स कप्तानी संभालेंगे। रुट ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय अपने परिवार के साथ रहने के लिए ब्रेक लिया है। सिल्वरवुड ने कहा ,'' मुझे लगता है कि स्टोक्स शानदार कप्तान साबित होंगे क्योंकि वह मोर्चे से अगुवाई करते हैं। उसे अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना भी आता है।'' उन्होंने कहा ,'' हमें पता है कि उसका आक्रामक स्वभाव है पर उसे क्रिकेट की भी उतनी ही समझ है। मैं उसकी हर प्रकार से सहायता करूंगा।'' वहीं बटलर इस मैच में इंग्लैंड के उपकप्तान होंगे। स्टोक्स इस मैच में उतरने के साथ ही सबसे कम उम्र के इंग्लैंड के कप्तान बन जाएंगे। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले इस मैच से एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी होगी। कोरोना महामारी के कारण पिछले तीन माह से दुनिया भर में क्रिकेट मुकाबले बंद हैं।

## विराट और पोटिंग में हैं कई समानताएं - फिंच



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की खूबियों के बारे में बताया है। फिंच का का मानना है कि विराट और स्मिथ में बहुत कुछ समानताएं है, ठीक उसी तरह जिस तरह सचिन तेंदुलकर और रिकी पोंटिंग में थीं। फिंच ने कहा, %%हर खिलाड़ी की कुछ खराब सीरीज होती हैं, पर अपवादस्वरूप ही आप कोहली और स्मिथ की लगातार दो खराब सीरीज देख पायें। इसी तरह पोंटिंग और सचिन की भी दो खराब सीरीज आपको नहीं मिलेंगी।%%उन्होंने कहा, %%भारत के लिए खेलना और कप्तान के रूप में खेलना दोनों के अपने दबाव हैं, पर इसके बाद भी विराट पिछले कुछ सालों से जिस तरह निरंतरता से प्रदर्शन कर रहे हैं, वह तारीफ के योग्य है।%%महेंद्र सिंह धोनी के बाद भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही विराट तीनों प्रारुपों में कप्तान हैं। फिंच ने कहा, %%धोनी से कप्तानी संभालने के बाद कोहली से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी, सबसे अच्छी बात है कि कोहली इन अपेक्षाओं पर खरे उतरे।

# न्यूजीलैंड से मिली हार के कारण लिया था संन्यास - डिविलियर्स




**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने अपने संन्यास का लेकर अहम खुलासा किया है। डिविलियर्स ने कहा कि साल 2015 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार से वह बेहद निराश थे। इसी कारण उन्होंने अचानक ही अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया था। डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि उन्हें इस हार के झटके से उबरने में काफी समय लगा। डिविलियर्स ने कहा, ''इसने मुझे तोड़ दिया था लेकिन मैंने खेलना जारी रखा, मैंने हर संभव प्रयास किया, क्रिकेट से जुड़े रहने की कोशिश की। मैं काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। मेरी अब भी बेहतरीन यादें हैं।'' 36 साल के डिविलियर्स ने 2018 में 14 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था जबकि वह उस समय अपने खेल के शीर्ष पर थे। वहीं डिविलियर्स ने उस समय अपने संन्यास का कारण बताते हुए कहा था कि वह थकान का अनुभव कर रहे हैं। 114 टेस्ट में 8765 और 228 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 9577 रन बनाने वाले डिविलियर्स ने कहा, ''निजी नजरिए से कहूं तो उस हार ने मेरे संन्यास में अहम भूमिका निभाई थी।'' उन्होंने कहा, ''उस रात हम खेल से हार गए और उस साल मेरे लिए उस हार से उबरना कठिन था क्योंकि मैं काफी संवेदनशील हूं।'' दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप में कभी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे 1992 और 1999 की प्रतियोगिताओं में भी निराशा का सामना करना पड़ा था। 2019 विश्व कप से पहले उन्होंने टीम में वापसी की भी पेशकश की थी पर उन्होंने अवसर नहीं मिला था।

# अगस्त में खेली जाएगी टी20 क्रिकेट लीग



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) अगले महीने 8 से 22 अगस्त के बीच अपनी पहली टी20 लीग शुरु करने जा रहा है। एसएलसी को टूर्नामेंट के आयोजन के लिए खेल मंत्रालय से अनुमति भी मिल गयी है। श्रीलंका क्रिकेट के सचिव एश्ले डिसिल्वा ने कहा, 'हम राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे से बात करने की उम्मीद कर रहे हैं और देखते हैं कि किसी परिणाम पर पहुंचते हैं या नहीं।' उन्होंने कहा, 'श्रीलंका ने क्षेत्र के अन्य देशों की तुलना में कोरोना वायरस को रोकने के लिए बहुत अच्छा काम किया है और इसलिए विदेशी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेने में रुचि दिखा रहे हैं।' श्रीलंका में कोरोना वायरस के अब तक केवल 2000 से अधिक ही मामले सामने आए, जिसमें 1700 से अधिक लोग ठीक हो गये हैं। फ्रेंचाइजी आधारित श्रीलंका प्रीमियर लीग में पांच टीमों के भाग लेने की संभावना है। इस टूर्नामेंट की अवधि भारत के दौरे पर निर्भर करेगी जो अभी स्थगित कर दिया गया है। दोनों बोर्ड अगस्त में इसके आयोजन के लिए विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। डिसिल्वा ने कहा, 'अभी हम टूर्नामेंट में 23 मैचों के आयोजन की सोच रहे हैं, लेकिन अगर भारत खेलने के लिए तैयार हो जाता है तो हो सकता है कि हम 13 मैचों का ही आयोजन करें।'

# जोकोविच और उनकी पत्नी कोरोना जांच में नेगेटिव पाये गये



**बेलग्रेड ।** सर्बिया के शीर्ष टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच और उनकी पत्नी येलेना कोविड-19 जांच में नेगेटिव पाये गये हैं। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि वह और उनकी पत्नी कोरोना वायरस की जांच में नेगेटिव पाये गये हैं। इससे पहले जोकोविच एक प्रदर्शनी सीरीज में खेलने के बाद कोविड-19 पॉजिटिव पाये गये थे। इस प्रदर्शनी सीरीज का आयोजन जोकोविच ने ही सर्बिया और क्रोएशिया में किया था जिसमें सामाजिक दूरी के नियमों का पालन नहीं करने के भी आरोप लगे थे। उनकी मीडिया टीम ने कहा, ' जोकोविच और उनकी पत्नी येलेना कोविड-19 जांच में नेगेटिव आए हैं। बेलग्रेड में दोनों के पीसीआर परीक्षण में यह रिपोर्ट आयी है।' इस बयान में कहा गया कि दोनों में कोई लक्षण नहीं थे और 10 दिन पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद दोनों सर्बिया की राजधानी में क्वॉरंटीन में रह रहे थे। जोकोविच के अलावा इस टूर्नामेंट से ग्रिगोर दिमित्रोव, बोर्ना कोरिच और विक्टर ट्रोइकी भी वायरस से संक्रमित हुए थे। इस वजह से जोकोविच को काफी आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था हालांकि कोच ने जोकोविज का बचाव करते हुए कहा था कि उनकी मंशा अच्छी थी और वह कोरोना महामारी के बाद खेल की वापसी चाहते थे।

## जून में लगातार चौथे महीने गिरी भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियां : पीएमआई

**नई दिल्ली ।** जून में लगातार चौथे महीने भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में गिरावट दर्ज की गई है। एक मासिक सर्वे में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी की वजह से नए ऑर्डर कम हुए हैं और कारोबारी परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जून में आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विसेज का कारोबारी गतिविधियों का सूचकांक 33.7 रहा। यह मई में 12.6 रहा था। इस वृद्धि के बावजूद जून में लगातार चौथे महीने भारतीय सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में गिरावट आई है। आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विसेज के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के अनुसार 50 से ऊपर का मतलब विस्तार से और 50 से नीचे का आशय गिरावट से होता है। आईएचएस मार्किट के अर्थशास्त्री जोए हायस ने कहा कि देश में कोरोना वायरस संकट की स्थिति और गंभीर होने से भारत के सेवा क्षेत्र जून में भी गिरावट में रहा। उन्होंने कहा कि इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था नीचे आ रही है। यदि यह संक्रमण काबू में नहीं आता है, तो इसका प्रभाव इस साल की दूसरी छमाही में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सर्वे में शामिल एक बड़ा हिस्सा अब भी गतिविधियों में गिरावट और ऑर्डर घटने की जानकारी दे रहा है। यह भारत के लिए घरेलू मोर्चे पर एक चुनौतीपूर्ण तस्वीर को दिखता है। सर्वे के अनुसार 59 प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि जून में उनके उत्पादन में मई की तुलना में कोई बदलाव नहीं आया है। सिर्फ चार प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि उनका उत्पादन बढ़ा है।

# भारत-चीन तनाव के बीच अब कपड़े होंगे महंगे

**मुंबई ।** भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव की वजह से अब कपड़ों की कीमतें भी बढ़ जाएंगी। बताया जा रहा है ?कि चीन से कपड़े और उसे बनाने की मशीनों

### पोर्ट पर फंसा चीन से आने वाला टेक्सटाइल का सामान



से जुड़ा सामान भारत नहीं आ पा रहा है। चीन से बटन, मेटल और सिलाई मशीनें भारत आती हैं। तिरुपुर एक्सपोर्टर एसोसिएशन का कहना है ?कि भारत में सबसे बड़ा कपड़ा बनाने का हब तिरुपुर में है, जो 90 फीसदी तक चीन से आने वाले फास्टनर, बटन, सिलाई मशीन, निडल लेपल पिन और टेक्सटाइल मटीरियल पर निर्भर है। बल्कि भारत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री की पूरी चेन ही प्रभावित होने वाली है। राजा ने कहा कि चीन से आया हुआ कई टन सामान तो पोर्ट पर फंसा हुआ है। जब तक हम वो सारा सामान किसी और इंडस्ट्री से लाने की व्यवस्था कर पाएंगे, तब तक इंडस्ट्री को भारी नुकसान हो चुका होगा। दरअसल, टेक्सटाइल से जुड़ा ये सारा सामान तुर्की, ताईवान, वियतनाम और थाईलैंड से भी मिल सकता है। हालांकि ये भी सच है कि बहुत सारी जरूरी एसेसरीज और मशीनों के स्पेयर पार्ट सिर्फ चीन में ही मिलते हैं। जो निर्यातक विदेशी ब्रांड्स के लिए कपड़े बनाते हैं। उनका कहना है कि जरूरी एसेसरीज ना होने की वजह से उनके एक्सपोर्ट ऑर्डर्स में देरी हो रही है।



पुष्पांजली टुडे
सोमवार 6 जुलाई 2020



# जिले का कोई भी व्यक्ति, घर व क्षेत्र सर्वेक्षण से नहीं छूटे : कलेक्टर

## किल कोरोना अभियानः इंसीडेंट कमांडर के प्रशिक्षण सह बैठक में दिए विस्तृत निर्देश

**ग्वालियर।** कोरोना वायरस पर पूर्ण नियंत्रण की रणनीति के साथ किल कोरोना अभियान के तहत घर–घर सर्वे कराएं। सर्वे से जिले का कोई भी व्यक्ति, घर एवं क्षेत्र छूटना नहीं चाहिए। जो टीम सर्वेक्षण में ढिलाई बरतेगी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने किल कोरोना अभियान को और प्रभावी बनाने के मकसद से आयोजित हुए इंसीडेंट कमांडर के प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक में दिए। गत एक जुलाई से शुरू हुआ यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान होने वाले सर्वेक्षण की जानकारी सार्थक ऐप के जरिए संकलित की जायेगी। जिला प्रशासन की निगरानी में एएनएम, आगनबाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि कर्मचारी सर्वे का काम करेंगे। रविवार को यहां कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ग्वालियर शहर की आबादी के हिसाब से लगभग 16 हजार लोगों की कोरोना जाँच 15 जुलाई तक कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा डेंगू, मलेरिया, सर्दी, जुकाम, बुखार व खाँसी से ग्रसित लोगों को सूचीबद्ध कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श इस अभियान के तहत दिलाया जाना है। साथ ही सूचीबद्ध लोगों को फीवर क्लीनिक में लेजाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण और संदिग्ध मरीजों की कोरोना जांच भी कराई जानी है। इंसीडेंट कमांडर इस अभियान का नेतृत्व कर यह सुनिश्चित करें कि सूचीबद्ध प्रत्येक व्यक्ति की जाँच हो जाए। जरूरत के मुताबिक संस्थागत एवं होम क्वारंटाइन का काम भी तत्परता से कराएं। जिन लोगों को होम क्वारंटाइन किया जाए उनके घर पर होम क्वारंटाइन का पर्चा जरूर लगाएं। इस काम में वार्ड समितियों का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कोरोना के खात्मे के लिये प्रदेश सरकार का यह अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। इसलिये जो भी अधिकारी–कर्मचारी सर्वे के काम में ढ़िलाई बरतेंगे, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ–साथ पुलिस कार्रवाई भी की जायेगी। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि कोरोना ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सुबह ही काम पर निकलने वाले दुकानदार, हाथ ठेला कारोबारी, सेवा प्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर), शासकीय कर्मचारी इत्यादि का सर्वे अलग से कराएं, जिससे कोई भी छूटे नहीं। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में फ्रकिल कोरोना अभियानफ्र का सर्वेक्षण करने वाली टीम के काम की निगरानी उस क्षेत्र के बीएलओ को सौंपी गई है। साथ ही संबंधित इंसीडेंट कमांडर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस पर नजर रखेंगे। कलेक्टर ने इंसीडेंट कमांडर के सहयोग के लिये नगर निगम के जोनल अधिकारियों को सहायक इंसीडेंट कमांडर बनाने के आदेश जारी करने के निर्देश भी बैठक में दिए। पिछले कुछ दिनों में बढ़े कोरोना संक्रमित मरीजों को लेकर जिला प्रशासन विशेष गंभीर है।



### आज और कल भी ग्वालियर पूरा लॉक डाउन, आदेश जारी

ग्वालियर में कोरोना संक्रमित मरीजो की बढ़ती संख्या को देखते हुए आज 6 जुलाई व 7 जुलाई दो दिन के लिए टोटल लॉक डाउन और बढ़ा दिया गया है। एडीएम किशोर कन्याल ने इसके आदेश जारी कर दिए है। अब भोपाल इंदौर ओर मुरैना से आने की जानकारी देना होगी जानकारी छुपाने पर होगी शासकीय कार्यवाही।

### बिना मास्क पहने मिले तो जुर्माने के साथ-साथ देनी होगी कोरोना ड्यूटी

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि बिना मास्क के घूमने वाले लोगों से जुर्माना तो वसूलें हीं, साथ ही उनसे कोरोना नियंत्रण की ड्यूटी का काम भी लिया जाए। उन्होंने जिले की सीमाओं पर बने चैक पोस्ट एवं कोरोना नियंत्रण से संबंधित अन्य कामों में ऐसे लोगों से तीन दिन की ड्यूटी लेने को कहा। श्री सिंह ने अपर जिला दण्डाधिकारी को धारा–144 के तहत इस आशय का आदेश जारी करने के निर्देश दिए। ग्वालियर जिले में अन्य राज्यों व प्रदेश के अन्य जिलों से आने वाले लोगों को एकीकृत कंट्रोल कमाण्ड सेंटर में टेलीफोन अथवा लिखित रूप से सूचना देनी होगी, अन्यथा उनके खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा–188 के तहत कार्रवाई की जायेगी। ऐसे लोगों को शासकीय अमले द्वारा होम क्वारंटाइन कराया जायेगा।

# पुलिस ने लूट के आरोपी को माल सहित किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** ग्वालियर देहात की बिजौली थाना पुलिस ने लूट के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर से दबोच कर आरोपी की निशानदेही पर लूट का माल भी बरामद कर लिया है। बिजौली थाना पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के दिये गये निर्देशों के परिपालन में चलाये जा रह अभियान के दौरान थाना प्रभारी बिजौली उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह परमार को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना बिजौली में हुई लूट की घटना में फरार एक बदमाश थाना क्षेत्र में देखा गया है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा मय थाना बल के मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर एक सदिग्ध व्यक्ति को धरदबोचा। गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम भूपेन्द्र उर्फ भूपे जाट पुत्र कैलास जाट निवासी सुपावली बताया। पूछताछ में उसके द्वारा थाना बिजौली क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया।पकड़े गये लूट के आरोपी की निशादेही पर थाना बिजौली पुलिस ने एक मंगलसूत्र सोने का करीब 2 तोला एवं दो हाथ की चूड़ियां आर्टीफीशियल बरामद की गई। थाना बिजौली पुलिस ने लूट के आरोपी से दो अपराधों में लूटा गया माल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस आरोपी को पकडने में बिजौली थाने के उप निरीक्षक एस.एस.परमार, सउनि राधेशयाम शिवहरे, आरक्षक कृष्णपाल, नीरज, विपिन, मुकेश एवं अमित की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**ग्वालियर।** क्राइम ब्रांच ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध शराब बरामद की है! वही पुरानी छावनी थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध शराब बनाने का सामान बरामद किया है पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर सत्येंद्र परमार और उपेंद्र परिहार को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध शराब बरामद की है! वही पुरानी छावनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि जिगसौली गांव में कुछ लोग अवैध शराब बनाने का काम कर रहे हैं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखते ही तीन युवक एक कारण क्रमांक एमपी 07 सीजी 4470 से भाग निकले तभी पुलिस ने पीछा कर कार से रतन सिंह नामक युवक को पकड़ लिया और उसके 2 साथी भाग निकले! पकड़े गए युवक से पूछताछ के दौरान मालूम पड़ा कि वह अवैध शराब बनाने का काम करते हैं पुलिस को कार से शराब बनाने का सामान मिला है पुलिस ने पकड़े गए युवक से पूछताछ शुरू कर दी है!

# श्रद्धा भाव से मनी गुरु पूर्णिमा.. सुरक्षित दूरी का किया पालन

**ग्वालियर।** कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लगी पाबंदी के बीच रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया इस बीच लोगों ने सुरक्षित दूरी का पालन करते हुए अपने गुरुजनों के चरण वंदना करते हुए उनका आशीर्वाद लिया! गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था! मंदिरों में लॉकडाउन के नियमों का पालन करते हुए लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाकर भगवान की पूजा अर्चना की और अपने गुरुजनों के पास जाकर उनकी चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया! लॉकडाउन के कारण जो लोग दूसरे शहरों में रहने वाले अपने गुरुजनों के पास नहीं पहुंच सके उन्होंने ऑनलाइन ही गुरुजनों को दंडवत प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया!

# डॉ. मिश्रा ने गायों को खिलाया चारा



**ग्वालियर।** अपने प्रवास के दौरान गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया में गौशाला में पहुंचे, जहां उन्होंने अपने हाथों से गायों को चारा खिलाया। इस दौरान उनके साथ श्री सुरेंद्र बुधौलिया, विजय दुबे सहित विभिन्न व्यक्ति मौजूद रहे।

## दीप्ति सांघी नारी शक्ति की पुकार ग्वालियर को कोरोना वॉरियर्स प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित



**ग्वालियर।** आबकारी विभाग , मध्यप्रदेश ग्वालियर के द्वारा दीप्ति सांघी नारी शक्ति की पुकार ग्वालियर को वैश्विक माहमारी कोरोना से उत्पनन विषम परिस्थितियों से जूझ रहे आमजन की सेवा में समर्पित उल्लेखनीय और सराहनीय कार्य हेतु श्री शिवराज सिंह आईएएस अपर आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश ग्वालियर के द्वारा कोरोना वॉरियर्स प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। एवं आशा की गई कि भविष्य में भी आप जनसेवा के लिए इसी प्रकार तत्परता से अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

# गुरुपूर्णिमा के अवसर पर लाल टिपारा गौशाला में गौमाता को भोग लगाया

**ग्वालियर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दिशा निर्देशन में समस्या आपकी संघर्ष हमारा कार्यक्रम के संयोजक सत्येन्द्र शर्मा एवं टीम के द्वारा आज मानवसेवा के 104 वे दिन एवं गुरुपूर्णिमा के अवसर पर लाल टिपारा गौशाला में गौमाता को भोग लगाया। सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के कुशल मार्गदर्शन में आज भी जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया जा रहा है समस्या आपकी संघर्ष हमारा के वार्ड अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी अपने घर भोजन के पैकेट बनवा कर प्रति दिन अपने घर के आसपास जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण कर रहे, समिति के सदस्यों का मानवसेवा करना दैनिक दिनचर्या का एक हिस्सा बन गया है प्रत्येक सदस्य अब इस मानवसेवा को निरन्तर जारी रखना चाहता



है ताकि किसी न किसी रूप में दान पुण्य करता रहे। सत्येन्द्र शर्मा ने बताया कि लॉक डाउन खुलने की वजह से सेवा कार्य सीमित कर दिया गया है लेकिन बंद नहीं किया गया है जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाने का कार्य जारी है, और प्रतिदिन समिति के सदस्य अलग अलग स्थानों पर भोजन वितरण का कार्य कर रहे है ताकि यह क्रम टूटे नहीं और मानवसेवा जारी रहे। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर लाल टिपारा के संत श्री ऋषभदेवानन्द जी महाराज एवं श्री सुरेश चंद्र शात्री एवं श्री ब्रह्मदत्त शास्त्री जी का सत्येन्द्र शर्मा एवं सदस्यों ने आशीर्वाद लिया। आज सत्येन्द्र शर्मा के साथ जिला संगठन महामंत्री अभिषेक सिंघल गौरव शर्मा गौरव सिंघल श्याम अग्रवाल नितिन अग्रवाल राजेश तिवारी राजेन्द्र शर्मा, आशीष राणा राहुल पटेल गौरव योगी शिवकुमार सविता सचिन स्यामल दीपक चौहान आकाश भदौरिया अजय सोनी मनोज शर्मा मोनू विक्की जेन सचिन शर्मा अभिषेक वर्मा कृष्णकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# गुरूपूर्णिमा पर लायंस क्लब ने जेएएच में भोजन बांटा



**ग्वालियर।** लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर द्वारा रविवार को गुरूपूर्णिमा पर जेएएच हॉस्पिटल में मरीजों और उनके आश्रितों को भोजन वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन अंकित माहेश्वरी, सचिव रामकरन पारीक, कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन सिंगी, उपाध्यक्ष समीर अग्रवाल, सालिगराम गोयल, मनोज राजपाल, राकेश अग्रवाल, आदित्य सिकरवार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक लॉयन राघवेंद्र अवस्थी ने अंत में आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालत में सम्पत्ति कर के अधिभार पर मिलेगी 100 प्रतिशत की छूट




**ग्वालियर।** आगामी 11 जुलाई, 12 सितम्बर और 12 दिसम्बर को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर अधिभार, जल उपभोक्ता प्रभार/जल कर के सरचार्ज में छूट दी जायेगी। यह छूट उन निकायों में लागू नहीं होगी, जहाँ लोक अदालत के दिन निर्वाचन की आचार संहिता प्रभावशील होगी। लोक अदालत में सम्पत्ति कर के अधिभार में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जिन प्रकरणों में अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक तथा एक लाख रुपये तक है, उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रुपये से अधिक है, उनमें अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जल उपभोक्ता प्रभार/जल कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार तक बकाया है, उनमें अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। कर और अधिभार की राशि 10 हजार से 50 हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। आगामी 11 जुलाई, 12 सितम्बर एवं 12 दिसम्बर को होने वाली लोक अदालत के लिये यह छूट वर्ष 2019–20 तक की बकाया राशि पर ही दी जायेगी। छूट के बाद राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा करवाई जा सकेगी। इस राशि में से 50 प्रतिशत का भुगतान लोक अदालत के ही दिन करना अनिवार्य होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक एम.पी.एच.आई.एन./31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478